● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 330, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 19 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



अरविंद केजरीवाल की होगी वापसी : सिसोधिया 5

स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह का रिश्ता हुआ पक्का 6

## स्वामित्व और भू-आधार गांवों के विकास की नींव बनेंगे: पीएम

### पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख संपत्ति कार्ड्स, जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल होने से मिलेगा ये फायदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में देश के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। इस स्वामित्व योजना से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल, मप्र, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, यूपी और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि %आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ऐतिहासिक है। यह एक बड़ी समस्या थी, लेकिन राज्य सरकारों, अधिकारियों और ग्राम पंचायत के हजारों सहयोगियों की कोशिशों से लाखों लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, स्वास्थ्य समस्याएं और आपदाएं प्रमुख हैं, लेकिन दुनिया एक और बड़ी चुनौती से जूझ रही है और वो है संपत्ति का अधिकार। कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें कई देशों में संपत्ति के अधिकारों का अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन में पता चला कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज ही नहीं हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा था कि अगर गरीबी को कम करना है तो लोगों को संपत्ति का अधिकार देना बेहद जरूरी है। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है और हमारी स्थिति भी अन्य देशों जैसी ही है। गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों रुपये की संपत्ति है, लेकिन उनके पास इसके कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। ऐसे में मालिकाना हक को लेकर विवाद होते हैं। कई जगहों पर ताकतवर लोग गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व कार्ड्स बांटने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से बात भी की। उन्होंने कहा कि इस योजना से लोगों को ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली सरकारों को इस संबंध में कुछ कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन कुछ खास नहीं किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि दलित, पिछड़े वर्ग और आदिवासी इस कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, कानूनी संपत्ति अधिकार मिलने के बाद लाखों लोगों ने ऋण लिया है। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल अपना कारोबार शुरू करने में किया है। इनमें से कई किसान हैं, जिनके लिए ये संपत्ति कार्ड वित्तीय सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामित्व और भू-आधार गांवों के विकास की नींव बनेंगे।

स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने की दृष्टि से 24 अप्रैल, 2020 को (राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर) प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई थी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से तैयार किया जाता है, जिससे भूमि विवादों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि योजना के तहत 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जो लक्ष्य का 92 फीसदी है। वहीं, 1.53 लाख गांवों के लिए करीब 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं।

## सम्पत्ति कार्ड करेगा आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण : डॉ. यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शनिवार को दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के ई-वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कर देशभर के 50 हजार से अधिक गाँवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण किया, जिनमें मध्यप्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी भेदभाव के लोगों को उनकी सम्पत्ति के स्वामित्व का अधिकार दिया है। यह स्वामित्व का अधिकार सिर्फ भू-अधिकार ही नहीं बल्कि उनके स्वाभिमान का अधिकार है। इससे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनकल्याण अंतर्गत समाज के चार स्तंभ महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति, किसानों




और गरीब कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। प्रदेश सरकार महिला, युवा, गरीब और किसानों की जिंदगी बदलने के लिए लगातार काम कर रही हैं। सरकार ने युवा मिशन और गरीब कल्याण मिशन प्रारंभ किया है। इससे युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंधन करने कीदिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 2.50 लाख पदों पर भर्ती की जायेगी, जिसमें सभी श्रेणियों के पद भरे जायेंगे। गरीब मिशन के अंतर्गत सभी गरीब परिवार और निम्न आय वर्ग वाले लोगों के लिए पक्के मकान होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण अंतर्गत खेती को लाभ का धंधा बनाया जायेगा, खेतों में सिंचाई की क्षमता बढ़ाई जायेगी। हर खेत में पानी पहुंचाने का काम किया जायेगा और हर हाथ को काम दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पारस पत्थर से सोना बनता है या नहीं यह तो पता नहीं लेकिन सूखे खेतों में पानी पहुंचने से अवश्य ही सोने रूपी फसल तैयार होंगी। हर खेत में माईक्रोलिफ्ट ऐरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाया जायेगा और पानी की एक-एक बूंद का उपयोग कर किसानों को खुशहाल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2003-04 में प्रदेश में सिर्फ 7 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई होती थी, अब 48 लाख हेक्टेयर से अधिक सिंचाई का रकबा हो गया है।

## छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया सैफ अली खान पर हमला करने वाला संदिग्ध

### आरपीएफ की हिरासत में, पूछताछ जारी

**दुर्ग।** मुंबई में सैफ अली खान पर हमले के मामले में एक संदिग्ध को दुर्ग आरपीएफ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरपीएफ ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस ने आरपीएफ पुलिस को एक तस्वीर भेजी थी जिसके आधार पर आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक मुंबई से बिलासपुर जा रहा था और जरनल बोगी में यात्रा कर रहा था।दरअसल बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हाल ही में उनके मुंबई स्थित घर में घुसकर एक शख्स ने हमला कर दिया था।

वहीं आरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने बताया कि मुंबई पुलिस द्वारा एक फोटो दुर्ग आरपीएफ को भेजी गई थी, जिसके आधार पर शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस की जनरल बोगी से संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। युवक का नाम आकाश कैलाश कनौजिया है जो मुंबई का रहने वाला है। ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में बैठकर बिलासपुर जा रहा था जहां से तिल्दा नेवरा में अपने परिचित के घर जाने की बात युवक ने आरपीएफ को बताया है। आरपीएफ ने मुंबई पुलिस को संदिग्ध युवक की फोटो भेजकर पहचान कराई है। अभी आरपीएफ पुलिस ने युवक से पुछताछ नहीं की, मुंबई पुलिस के आने के बाद पूछताछ की जाएगी। मुंबई पुलिस आठ बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी जिसके बाद दुर्ग आएगी। अस्पताल के डॉक्टरों ने शनिवार को साझा किया कि सैफ का स्वास्थ्य अब बेहतर है। उन्होंने आईसीयू से बाहर निकलकर सामान्य आहार लेना शुरू कर दिया है।

## आरजी कर मामले में न्यायालय ने संजय रॉय को दोषी करार दिया

**कोलकाता।** सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट ने आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में फैसला सुनाया। इस मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दे दिया। फैसला दोपहर के 2ः30 बजे कोर्टरूम 210 में सुनाया गया। आरोपी संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि उसे सोमवार को अदालत में बोलने का मौका दिया जाएगा। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी।

### आप का बड़ा आरोप, प्रवेश वर्मा ने करवाया केजरीवाल पर हमला

## प्रचार के दौरान फेंकी गई ईंट

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार के वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया है। प्रवेश वर्मा केजरीवाल को घायल कर उन्हें प्रचार करने से रोकना चाहते हैं।

बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें।



वहीं हमले के आरोप में प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने हमारे कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ा दी। इसमें मेरे एक कार्यकर्ता का पैर टूट गया है।

आप ने ट्वीटर पर इसका वीडियो जारी कर लिखा, हार के डर से बौखलाई बीजेपी, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला। बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराने हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं है, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

बता दें कि खुफिया विभाग ने पहले ही इस तरह के इनपुट पुलिस को दिए हैं कि दिल्ली में बड़ी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं पर हमला व जानलेवा हमला हो सकता है।

## दिल्ली में किराएदारों को मिलेगी फ्री बिजली और पानी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में किराएदारों को फ्री बिजली और पानी देगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किराएदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके। उधर, आप ने दिल्ली पुलिस पर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल से जुड़ी एक डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाने का दावा किया है।

## राहुल गांधी ने बिहार की जातिगत जनगणना को बताया फर्जी

### संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बीजेपी-आरएसएस पर लगाए आरोप

**पटना।** पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत



जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50% आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए, आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है।

## कृषि मशीनीकरण के लिए कर्नाटक ने केंद्र सरकार से मांगा फंड

**बंगलूरू।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को कर्नाटक दौरे पर हैं। कर्नाटक के कृषि मंत्री चालुवर्यस्वामी ने शनिवार को बंगलूरू में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे और राज्य के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में कर्नाटक सरकार के मंत्रियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से राज्य के लिए फंड की मांग की ताकि किसानों का मशीनीकरण किया जा सके।

### शिवराज सिंह चौहान से मिले मंत्री

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 लाख से अधिक घर आवंटित किए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में, हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कर्नाटक को लगभग 7.5 लाख घर दिए हैं। कर्नाटक ने यंत्रीकरण योजनाओं के लिए अधिक निधि की मांग की है, जिसमें किसानों को कृषि यंत्रीकरण के लिए सब्सिडी दी



जाए। उन्होंने कहा, मैंने उनसे पहले जारी किए गए फंड का उपयोग करने के लिए कहा है और हम अतिरिक्त फंड जारी करने के लिए भी काम करेंगे। वहीं कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे ने बताया कि राज्य ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नियमों में जरूरी बदलाव के संबंध में सुझाव दिया है। हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और पंचायती राज और ग्रामीण विकास से संबंधित अन्य मुद्दों के साथ कुछ तकनीकी सुधार का भी अनुरोध किया है। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे इस पर गौर करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज कर्नाटक में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

## एक साथ चुनाव कराना संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं: मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक देश, एक चुनाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराना संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं है। उनका कहना है कि एक साथ चुनाव होने से शासन में सुधार होगा। मंत्री मेघवाल ने एक इंटरव्यू में कहा कि 1952 से पहले के कुछ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। अगर वह संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं थे, तो अब क्यों कोई समस्या होगी। उन्होंने कहा कि जो



लोग एक देश, एक चुनाव का विरोध कर रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते थे कि सदन की एक समिति मसौदा कानूनों की जांच करे।

## हारी हुई सीटों को बूथवार मजबूत करने में जुटी सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी उन सीटों पर विशेष फोकस कर रही है, जहां वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहां बूथों को तीन श्रेणियों में बांटकर स्थानीय इकाइयों को जिम्मेदारी दी जा रही है। पीडीए के साथ-साथ बसपा के वोट बैंक पर भी उसकी खास नजर है। यूपी में पिछले विधानसभा चुनाव में सपा ने 111 सीटें जीती थीं। तब उसके सहयोगी रहे रालोद और सुभासपा के खाते में भी क्रमशः 8 व 6 सीटें आई थीं। सपा सूत्रों के मुताबिक, शेष जिन सीटों पर सपा को हार का सामना करना पड़ा था, वहां के बूथों को तीन हिस्सों में बांटा गया है। ये श्रेणियां पिछले चुनाव में मिले मत प्रतिशत के आधार पर तय की गई हैं।

## इसरो के खाते में जुड़ी एक और उपलब्धि



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने महेंद्रगिरि में प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में एक परीक्षण सुविधा में अपने विकास लिक्विड इंजन को फिर से चालू करने में सफलता हासिल की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि विकास इंजन एक कार्यशील इंजन है जो इसरो के प्रक्षेपण वाहनों के द्रव चरणों को शक्ति प्रदान करता है।

इसरो की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यह परीक्षण 17 जनवरी को किया गया। यह चरणों की पुनर्प्राप्ति के वास्ते प्रौद्योगिकियों के विकास में मील का पत्थर है। विभिन्न परिस्थितियों में इंजन को पुनः चालू करने के लिए कई परीक्षण किए जा रहे हैं।

इसरो ने कहा,'इस परीक्षण में इंजन को 60 सेकंड के लिए चालू किया गया फिर इसे 120 सेकंड के लिए बंद किया गया, फिर पुनः चालू किया गया। परीक्षण के दौरान इंजन के सभी मानक सामान्य और अपेक्षा के अनुरूप थे। इससे पहले पिछले वर्ष दिसंबर में भी यह परीक्षण किया गया था। इसके अलावा, इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने शुक्रवार को इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के 'कोर लिक्विड स्टेज' (एल110) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अब पाक के राजनीतिक शरीर को खा रहा आतंकवाद का कैंसर : जयशंकर

**मुंबई।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद का कैंसर अब पाकिस्तान के राजनीतिक शरीर को खा रहा है। पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ संबंध अपवाद बने हुए हैं क्योंकि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देता है। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका के प्रति भारत की मदद और म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ देश के संबंधों के बारें में भी बातचीत।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को 19वें नानी ए. पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर के दौरान भारत के पड़ोस में चुनौतियों के बारे में बोलते हुए कहा, भारत



की चुनौती विभाजन के बाद पड़ोस का पुनर्निर्माण करना रही है। यह अब उदार और गैर-पारस्परिक दृष्टिकोण, ऊर्जा, रेल और सड़क संपर्क को वित्तपोषित और समर्थन, व्यापार और निवेश का विस्तार और आदान-प्रदान और संपर्कों को तेज करने के माध्यम से ऐसा कर रहा है।

हाल के इतिहास के उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने ने कहा, संकट के समय में, चाहे वह महामारी हो या आर्थिक मंदी, भारत ने वास्तव में अपने छोटे पड़ोसियों के लिए एक बीमा के रूप में काम किया है। श्रीलंका ने 2023 में यह पाया जब भारत ने चार बिलियन अमेरिकी डालर से अधिक का पैकेज तैयार किया, जबकि बाकी दुनिया ने ऐसा नहीं किया। यह भी एक वास्तविकता है कि राजनीतिक घटनाक्रम जटिल परिस्थितियों को जन्म दे सकते हैं जैसा कि हम वर्तमान में बांग्लादेश में देख रहे हैं। निकट सहयोग और संपर्कों का उद्देश्य वास्तव में दिन के अंत में ऐसी आकस्मिकताओं को संबोधित करना है। यह हितों की पारस्परिकता है जिस पर भरोसा किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने टिप्पणी की, सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन के मद्देनजर पाकिस्तान हमारे पड़ोस में अपवाद बना हुआ है, और यह कैंसर अब उसकी अपनी राजनीतिक संरचना को खा रहा है। भारत के अन्य दो पड़ोसियों, म्यांमार और अफगानिस्तान के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने कहा, भारत में हमारे दोनों समाजों के साथ लंबे समय से लोगों के बीच संबंध हैं और हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो लोग अधिक निकट हैं उनके हित दूर के अन्य लोगों से काफी अलग हैं। इससे पहले, विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश नीति के दायरे में शामिल क्षेत्रों के व्यापक विस्तार के बारे में बात की और पिछले दशक में कूटनीति के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। बाजार साधनों और वित्तीय संस्थानों के शस्त्रीकरण के कारण दुनिया के सामने आने वाली चुनौती पर प्रकाश डालते हुए, जयशंकर ने कहा, भारत के लिए चुनौती ऐसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में अपना उत्थान करना है।

# भाजपा की निकली विशाल आभार यात्रा

### जिले भर से आये कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

### जगह-जगह मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में किया गया यात्रा का स्वागत




**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व घोषित आभार यात्रा बड़ी ही भव्यता के साथ सम्पन्न हुई। जिले भर से आये हजारों कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक यात्रा के अंश के रूप में सम्मिलित हुए। मोरवा शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई यात्रा जयन्त, नवानगर, बैढ़नए,विंध्य नगर होते हुये शायं 4.30 बजे कार्यालय पहुंची । जहां महिला मोर्चा के नेतृत्व में जिले भर से आयीं बहनों ने पुष्प वर्षा तथा तिलक लगाकर यात्रा के समस्त आगंतुकों का अभिनंदन किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह तथा जिला संगठन द्वारा आयोजित इस आभार यात्रा में यात्रा रथ पर जिलाध्यक्ष के साथ मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, वीरेंद्र गोयल, विधायक रामनिवास शाह, विधायक राजेंद्र मेश्राम सवार थे। सैकड़ों गाडि़ेंों एवं मोटर साइकिल सवार युवा कार्यकर्ताओं के हुजूम ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। यात्रा के मार्ग में जगह जगह मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के समूह ने पूरी मात्रा का भव्य स्वागत किया तथा जिलाध्यक्ष समेत रथ पर सवार समस्त नेतागणों ने कार्यकर्ताओं से अभिवादन स्वीकार किया तथा उनका आभार जताते नजर आये। जिलाध्यक्ष समेत समस्त वरिष्ठ नेताओं ने यात्रा मार्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। जब जिलाध्यक्ष व समस्त वरिष्ठ कार्यालय पहुंचे तब ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी से उनका अभिनंदन हुआ तथा तथा कार्यकर्ताओं के उत्साह से समस्त नेतागण अभीभूत दिखे।

### पार्टी ने सोच समझकर जिलाध्यक्ष का किया चयन: कांतदेव

अपने वक्तव्य ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कांत देव सिंह ने कहा कि संगठन पर्व की चल रही प्रक्रिया के बाद पार्टी ने सोच समझकर जिलाध्यक्ष का चयन किया है। सदस्यता की दृष्टिकोण से मध्यप्रदेश ने देश में प्रथम स्थान अर्जित किया है जिसमें सिंगरौली का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। भारतीय जनता पार्टी किसी भी कार्यकर्ता को उसके प्रदर्शन के आधार पर किसी भी पद पर बैठा सकती है। इसलिए अपने काम पर भरोसा रखिए जो दायित्व मिले उसका निर्वाह करिये। अपने वक्तव्य में विधायक द्वय ने पार्टी संगठन की पारदर्शिता तथा संविधान के प्रति भारतीय जनता पार्टी के समर्पण को बताया।

### कार्यकर्ताओ का जिलाध्यक्ष ने किया अभिनंदन

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने मंचासीन वरिष्ठों तथा सभागार में उपस्थित प्रत्येक पदाधिकारी तथा जिले भर से आये कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनन्दन किया तथा इस यात्रा को सफल बनाने पर सबके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं का ये उत्साह और ये संख्या मेरे अनुमान से कई गुना अधिक है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि मिलने वाले दायित्व मन, क्रम, वचन से आप निर्वहन कीजिए तो नेतृत्व निश्चित आपको सम्मान देगा, मैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हूं । प्रदेश नेतृत्व के पास हर कार्यकर्ता की पूरी जानकारी होती है और वहीं से उसका मूल्यांकन होता है। एक मंडल के कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष के पद तक मिलने वाले हर दायित्व का निर्वहन मैंने अपनी पूरी क्षमता के साथ करने का प्रयास किया तथा आगे भी करता रहूंगा।

### इनकी रही उपस्थिति

जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि यात्रा का संयोजक निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय को बनाया गया था तथा यात्रा में व्यवस्था की दृष्टिकोण से जिलामंत्री ध्रुव सिंह, जिलामंत्री विनोद चौबे, मंडल अध्यक्ष विनोद कुरूवंशी, सौरभ गुप्ता प्रमुख रहे। अन्य सहयोगियों में विक्रम सिंह,संदीप चौबे, हेमंत पांडे, पुनीत शुक्ला, विपिन सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, जिला मंत्री पूनम गुप्ता, प्रवेंद्र धर,समस्त मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद चौबे, राजेंद्र सिंह, कमलेश वैश्य, सीमा जायसवाल, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जिले भर से आये हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खम्हरिया में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम खमरिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणजनों हेतु किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में ग्रामीणो ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। इस शिविर में कुल 306 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग की तरफ से वरिष्ठ विशेषज्ञ महिला रोग डॉ. हेमा उराव, डॉ.तन्मय पटेल, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. ज्योति सिंह अन्य चिकित्सकगण एवं उनकी मेडिकल टीम के साथ-साथ कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल एवं सीएसआर टीम उपस्थित रही।

## समाज के सभी वर्गो के लिए सरकार संचालित कर है योजनाएं: दिलीप

### जिले के 1130 हितग्राहियों को मिला प्रॉपर्टी कार्ड



**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। सर्वे कर संपत्तियों का सीमांकन आपसी समझौते के साथ किया गया। स्वामित्व पत्र एक पत्र ही नहीं बल्कि आधुनिक तकनीक से देश के गांव के विकास का एक मानचित्र है तथा मेरी संपत्ति मेरा अधिकार विकसित गांव का आधार होने के साथ ही गांव का आर्थिक संरक्षण भी करता है। उक्त उद्बोधन वर्चुअली माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कही। सिंगरौली जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य अतिथि एवं सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के उपस्थित आयोजित हुआ। समारोह में हितग्राहियों को संबोधित करते हुये राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण श्री अहिरवार ने कहा कि सबका साथ सबका विकास को मूलमंत्र मानकर समाज के सभी वर्गों के लिए सरकार योजनाएं ला रही है ताकि समाज के सभी वर्गो का समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि गांव का कोई भी गरीब बिना मकान, भू अधिकार के नही रहेगा। इसी संकल्प को साकार करने के लिए आज प्रधानमंत्री गांव के गरीबो को स्वामित्व योजना के तहत भू स्वामी बनाने का अधिकार प्रदान कर रहे है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा सिंगरौली जिले के 130 ग्रामों के 1130 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्डो का वितरण किया गया। वहीं हितग्राहियों को सिंगरौली व देवसर विधायक ने भी संबोधित किया।

## सरई क्षेत्र में स्वामित्व योजना के अधिकार अभिलेख का हुआ वितरण



**सिंगरौली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शनिवार को वेब कास्टिंग के माध्यम से सभी भारतवासियों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई। साथ ही स्वामित्व का अधिकार प्रदाय किया गया। ग्रामीण भारत को भू स्वामित्व अधिकार प्रदान कर सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया गया। भारत सरकार की जनहितकारी भू स्वामित्व योजना के तहत शासकीय आबादी भूमियों पर मकान बनाकर रहने वाले आमजन को भू अधिकार स्वामित्व के पट्टे प्रदाय किए गए। तहसीलदार सरई के निर्देशन में तहसील सरई अंतर्गत ग्राम साजापानी, गोड़बहरा, सराटोला, महरैल, झुरहानार, बेलगांव, गौरवानी, नयाटोला, भलयाटोला, दुधमनिया, झारा, गड़ईगांव, जोबा, बरका, महुली इस तरह से कुल 22 ग्रामों में 69 भू स्वामित्व योजना के पट्टों का वितरण कराया गया। तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा पट्टों के वितरण कई ग्रामों में उपस्थित रहकर ग्रामीण जनों,जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।

## दो किलो गांजा के साथ कारोबारी पकड़ाया

**सिंगरौली।** निवास चौकी पुलिस ने दो किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ कारोबारी को पकड़ा है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने की है। चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की पापल गांव की मुखियायिन उर्फ रामलली मिश्रा अपने घर पर अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए रखी है। सूचना पर चौकी प्रभारी ने तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर रवाना किया।

## 90 लीटर महुआ शराब व 30 किलो महुआ लाहन के साथ कारोबारी धराया

### कुंदवार चौकी पुलिस ने कार्यवाही कर भेजा जेल




**सिंगरौली।** कुंदवार चौकी पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम कुर्सा से 90 लीटर देशी महुआ शराब व 30 किलो महुआ लाहन के साथ शराब कारोबारी को पकड़ते हुए आबकारी एक्ट के तहत कारवाही किया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में कुंदवार चौकी प्रभारी उनि बालेन्द्र त्यागी ने की है। चौकी प्रभारी श्री त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कन्हैयालाल जायसवाल पिता जमाहिर जायसवाल निवासी ढोंगा अपने पाही वाले घर ग्राम कुर्सा में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। चौकी प्रभारी ने सूचना के बाद एक पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताए हुए स्थान पर दबिस दिया। जहां रेड कारवाही के दौरान आरोपी कन्हैयालाल के कब्जे से 90 लीटर देशी महुआ शराब व 30 किलो महुआ लाहन के साथ शराब बनाने का पूरा समान पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कारवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया,जहां न्यायालय से जेल भेज दिया है। कारवाही में प्रआर बंशलाल प्रजापति,तेजप्रताप टांडिया,विनय दोहरे, विजय बहादूर सिंह व आर लोकेन्द्र सिंह की भूमिका रही।

## दो दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली ने किया प्रतिनिधित्व




सिंगरौली

एमएसएमई विकास और सुविधा कार्यालय वाराणसी, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालए भारत सरकार द्वारा 16 और 17 जनवरी 2025 को वाराणसी में 2 दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने किया। एनटीपीसी लिमिटेड सहित कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पीएसयू ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी खरीद नीतियों, विक्रेता सूचीकरण प्रक्रियाओं तथा सरकारी खरीद नीतियों के अनुरूप सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों एमएसई को दिए जाने वाले लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली ने एनटीपीसी का प्रतिनिधित्व किया। एनटीपीसी सिंगरौली ने एनटीपीसी लिमिटेड के उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित कैनोपी स्थापित की। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी ने स्थानीय विक्रेताओं को एनटीपीसी के साथ सहयोग करने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए विक्रेता नामांकन प्रक्रिया और इसकी खरीद नीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रदर्शनी के दौरान स्थानीय विक्रेताओं और कई सरकारी कंपनियों ने भी अपने उत्पाद और सेवाएँ पेश की।

## जेपी मझौली में आयोजित हुआ नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**सिंगरौली।** जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड, अमिलिया (नार्थ) कोल माइन्स में सीएसआर के तहत कम्पनी औषधालय में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सद्गुर नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आये वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ के द्वारा ग्रामीणों का नेत्र जांच एवं आई ड्रॉप दिया गया और चश्मा बनवाने की सलाह दी गई। मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित ग्रामीणों को चित्रकूट ले जाया गया। जहां पर उनका ऑपरेशन चार दिनो में किया जाएगा। शिविर में कुल 81 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 11 लोगो को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

## सिंगरौली की निधि के सिर सजा मिस इंडिया का ताज

### यूपी के फर्रुखाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में चुनी गई विजेता



**सिंगरौली।** जिले के मोरवा स्थित भूसा मोड निवासी निधि तिवारी ने इस बार उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद युवा महोत्सव में आयोजित 21वीं ब्यूटी विथ ब्रेन प्रतियोगिता जीतकर मिस इंडिया का खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी रही निधि तिवारी को मिस प्रिटी इंडिया के खिताब से नवाजा गया था। इस बार आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर साकिया ने उन्हें क्राउन पहनाकर, विजेता की शील्ड प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। बीते 16 जनवरी को हुए इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, फर्रुखाबाद, इटावा समेत अन्य जिले से भी प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचे थे। वहीं मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से पहुंची निधि तिवारी ने इन प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाते हुए खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त फतेहगढ़ से प्रतिभागी रिया सिन्हा को मिस फर्रुखाबाद,गोरखपुर की अनु सिंह को मिस यूपी,वही लखनऊ की कृषिका यादव को मिस प्रिटी इंडिया के खिताब से नवाजा गया।

## डीपीओ ने 5 हजार के साउंड बॉक्स को 20 हजार में खरीदा

### ईओडब्ल्यू के रडार पर डीपीओ, महिलाओं के उत्पीडन् का भी मामला पकड़ा जोर




**सिंगरौली।** ईओडब्ल्यू में हुई भ्रष्टाचार की शिकायत के आरोप से घिरे महिला बाल विकास अधिकारी राजेश राम गुप्ता इन दिनों सुर्खियों में है। वजह एक महिला को धमकी भरा व्हाट्सएप चैट हैं,जिसमें वह लिखते हैं कि मिलने आ जाओ नहीं तो वह प्रलय भी ला सकते हैं और खुशियां भी। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदे गए साउंड बॉक्स को मार्केट दर से करीब चार गुना अधिक रेट पर खरीद कर भ्रष्टाचार की एक नई इमारत लिखी गई हैं। सूत्र बताते हैं कि डीपीओ खुद को घिरता देख अब सरकार से जुड़े लोगों सहित प्रभारी मंत्री का करीबी बताकर उन्हें भी बदनाम कर रहे हैं।

बता दें कि महिला बाल विकास अधिकारी पर कैरेक्टर ढीला होने के आरोप लगते रहे हैं । बीच-बीच में फोटो और वीडियो भी वायरल हुआ लेकिन उन्हें जरा सा भी फर्क नहीं पड़ा। हालाकि यह उनका निजी मामला है। लेकिन इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदे गए साउंड बॉक्स पर भ्रष्टाचार के आरोप उन पर लग रहा है। दरअसल एनसीएल के दुधीचुआ परियोजना एवं महिला बाल विकास के बीच आंगनगाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के लिये अनुबंध हुआ था। इसके लिये करोड़ों रूपये एनसीएल परियोजना दुधीचुआ के सीएसआर के मद से प्राप्त हुये थे। यह राशि महिला एवं बाल विकास विभाग को पिछले वर्ष मिला था। लेकिन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने व्यापक पैमाने पर राशि का बंदरबाट कर लिया है। सूत्र बताते हैं कि डीपीओ के इशारे में बाजार में मिलने वाले 5 हजार रुपए के साउंड बॉक्स को करीब 19446 का नया स्पीकर खरीदा गया है। जबकि उस बॉक्स में वास्तविक दर 9 हजार 9 सौ 99 रूपये है। वही ऑनलाइन बाजार जैसे फ्लिपकार्ट और अमेजॉन में पर इस साउण्ड बाक्स की दर 5499 रूपये है। कहते हैं कि सैया भाई कोतवाल तो अब डर काहे का। दरअसल जिला पंचायत सीईओ ने डीपीओ को अनुबंध स्वीकृत कार्य के अनुरूप कार्य नहीं करने और मनमानी तरीके से सामग्री क्रय करने का नोटिस देकर जवाब मांगा था। लेकिन नोटिस का जवाब मिला या नहीं यह अभी रहस्य है। डीपीओ पर कोई कार्यवाही नहीं होना जिला पंचायत सीईओ को भी कटघरे में खड़ा कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि डीपीओ से मोटी रकम लेकर जिला पंचायत सीईओ ने भी फाइल को तिजोरी में बंद कर दिया। डीपीओ पर चहते फर्म को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के लिए एलवन फर्म विनिश्मा टेक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा उपरोक्त सामग्री राशि रूपये 2 करोड़ दस हजार में प्रदान किया जा रहा था। किन्तु डीपीओ मनचाही फर्म मेसर्स आदित्य इंटरप्राईजेज इन्दौर से दो गुनी कीमत राशि रूपये 3 करोड़ 82 लाख 80 हजार 8 सौ पर सामग्री का क्रय किया गया। सूत्र बताते हैं कि डीपीओ ने भ्रष्टाचार करके करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाई है। महिलाओं के जीवन में प्रलय और खुशियां लाने वाले डीपीओ पर भ्रष्टाचार कर करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाने किसी शिकायत की गई है। डीपीओ के व्हाट्सएप चैट में महिलाओं को धमकी भरे मैसेज शिकायतों को जोर भी दे रहे। लेकिन ऊंचे पदों पर बठे अधिकारियों की भी संवेदनाएं शून्य हो गई है और वह भी पैसे लेकर अपनी आंखें भले जरूर बंद कर लिए हैं लेकिन आमजन में चर्चाएं अभी भी है कि आखिर ऐसे भ्रष्ट और कैरेक्टर के अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं हो पा रही।

## सरई थाना में वर्षो से जमे हैं कई पुलिसकर्मी क्यों नहीं हो रहा इनका तबादला : सुनील

**सिंगरौली।** ओबीसी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि सिंगरौली जिले के सरई थाना में कुछ पुलिसकर्मी वर्षों से पदस्थ हैं।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांक डिप्टी–सी.ई.–सी.–सीधी–01–2025 दिनांक–04.01.2025

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **ई.–निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी–सी.ई.–सी.–सीधी–01–2025, दिनांक–04.01.2025** के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख **04.04.2025** एवं समय **15:00 बजे** तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र.:** डिप्टी–सी.ई.–सी.–सीधी–01–2025 दिनांक–04.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मध्य प्रदेश राज्य में सीधी–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में गजरही और देवसर स्टेशनों के बीच किमी 111/150 से 124/400 तक नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) दस्तावेज, जिसमें मिट्टी कार्य, छोटे पुल, स्टेशन भवन, सुरंग (04 संख्या) और महत्वपूर्ण पुल (01 संख्या) शामिल हैं।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रु. 4850379706.74, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** रु.0.00, **बयाना राशि(रुपये में):** रु. 1000000.00, **कार्य समापन अवधि(माह):** 630 मानसून सहित, **ई–निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक–04.04.2025 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https:// www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि ये समय–समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# उप मुख्यमंत्री ने किया सीधी हॉस्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन का शुभारंभ

**प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं और उच्च स्तर की शिक्षा विकास का अंतिम लक्ष्य हैः उप मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना वरदान से कम नहीं :उप मुख्यमंत्री**

**विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार:उप मुख्यमंत्री**



**सीधी।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं तथा उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराना ही विकास का अंतिम लक्ष्य है। प्रधानमंत्री जी की आयुष्मान भारत योजना देश के नागरिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज देश के 55 करोड़ से अधिक नागरिकों को इस योजना के माध्यम से शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री जी ने इस योजना का विस्तार करते हुए देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को सम्मिलित किया है। अब देश के 6.5 करोड़ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने देश के गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच उत्कृष्ट निजी चिकित्सालयों तक सहज कर दी है। इससे निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों को भी लाभ प्राप्त हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने उक्त बांते सीधी हास्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन एवं नर्सिंग केन्द्र, नेचुरापैथी, आयुर्वेदा का शिलान्यास एवं शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीधी हास्पिटल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 35 हजार नए पदों की भर्ती होगी जिसमें 3 हजार चिकित्सक एवं 3 हजार पैरामेडिकल स्टाफ सम्मिलित हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालयों के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। विकासखण्ड स्तर पर सर्वसुविधा युक्त डॉक्टर कालोनी बनाई जावेगी जिसका लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सकों को मिलेगा। विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से जिला चिकित्सालय में दबाव कम होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अगले 5 वर्षों में देश में 75 हजार नए डॉक्टर बनाने का लक्ष्य दिया है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में मेडिकल कालेजों के माध्यम से 8 हजार डॉक्टर प्रतिवर्ष निकले।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी विकास के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में पूरे विन्ध्य क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। हमारा भविष्य स्वर्णिम है। सीधी जिला इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जून 2025 तक रेवांचल रीवा नहीं बल्कि सीधी तक आएगी। सीधी-सिंगरौली 4 लेन हाइवे का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जा रहा है। रेल एवं रोड कनेक्टिविटी बढ़ने से सीधी विकास की रफ्तार पकड़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी कहते थे कि विकास करना है तो धरती से दौलत पैदा करनी होगी। सिंचाई सुविधाओं में विस्तार के लिए नदी जोड़ो का जो सपना अटल जी ने देखा था उसे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरा कर रहे हैं। सीतापुर हनुमना माइक्रो इरिगेशन तथा गोंड परियोजना से जिले में नहरों का जाल बिछेगा जिससे 86 हजार हेक्टेयर सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। किसानों की क्रय शक्ति बढ़ेगी जिससे क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास होगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब हमें तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रयास करना होगा।

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने उप मुख्यमंत्री जी का जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं विशेष कर जिला चिकित्सालय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उपमुख्यमंत्री जी ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आश्वस्त किया है।

# स्वामित्व योजना के तहत 1153 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का किया गया वितरण

**सांसद, विधायक सीधी एवं सिहावल ने वितरित किए अधिकार अभिलेख**



**सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वार स्वामित्व योजना के तहत देशभर के लगभग 50 हजार गावों में 58 लाख प्रापर्टी कार्ड का वर्चुअली वितरण किया गया। साथ ही योजना के लाभार्थी कार्ड धारकों के साथ संवाद भी किया गया। सीधी जिले में 92 गांवों के 1153 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, मझौली श्रीमती सुनैना सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व योजना की शुरुआत दिनांक 20 अप्रैल 2020 से गांवों में बसे हुए क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को सर्वेक्षण से संबंधित आधुनिकतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने की दृष्टि से की गई। सीधी जिला अन्तर्गत स्वामित्व योजना में कुल 486 ग्रामों में ड्रोन फ्लाई का कार्य किया गया है, जिसमें दिनांक 12.03.2024 के पूर्व 166 ग्रामों में 1775 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ प्रदाय किया जा चुका है एवं दिनांक 12.03.2024 के बाद आज दिनांक 18.01.2025 को 92 ग्रामों में 1153 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। शेष 228 ग्रामों का कार्य प्रचलन में है।

आज के कार्यक्रम में दिनांक 12.03.2024 के बाद तैयार 92 गांवो के 1153 भू अधिकार पत्रों का वितरण किया गया। तहसील कुसमी के 4 ग्रामों के 22 हितग्राही, गोपद बनास के 12 गांवों के 60, चुरहट के 7 गांवों के 137, मझौली के 46 गांवों के 235, रामपुर नैकिन के 13 गांवों के 607 तथा सिहावल के 10 गांवों के 92 हितग्राहियों को भू-अधिकारी पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में देव कुमार सिंह चौहान, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहें।

# कलेक्टर के निर्देश पर जिले के उपार्जन केंद्रों का किया जा रहा सतत निरीक्षण

**मृतक श्रमिक के परिजन को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई**

**20 उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी**



**सीधी।** जिले के धान उपार्जन केंद्र बमुरी में दुर्घटना में मृतक श्रमिक श्री पंचू महतो के निकटतम परिजन को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं तथा सभी उपार्जन केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया है कि जिले में इस प्रकार की दुर्घटनाएं नहीं हो इसके लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी 42 उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण राजस्व विभाग के उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहकारिता विभाग के सहकारिता निरीक्षक, खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तथा उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केंद्रीय सहकारी बैंक, वेयरहाउसिंग के प्रबंधक के द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर 20 उपार्जन केंद्रों द्वारा उपार्जन नीति अनुसार कार्य नहीं किए जाने के कारण संबंधित उपार्जन केंद्र के प्रभारी, ऑपरेटर एवं सर्वेयर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिला स्तर पर उपार्जन से संबंधित शिकायतों के निराकरण एवं गुणवत्ता आदि के परीक्षण के लिए जिलास्तरीय समिति का गठन किया गया है। साथ ही खंड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में खण्डस्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिले के स्व सहायता समूह द्वारा संचालित 4 उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण हेतु राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार की ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है। मौसम को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जित धान का सुरक्षित भंडारण एवं शीघ्रता से परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# बिना नंबर की चल रही ऑटो, विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही

**यातायात विभाग भी इस मामले में बरत रहा लापरवाही**

सीधी



शहर में बिना नंबर की ऑटो धड़ल्ले से चल रही हैं। इस मामले में यातायात पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। ऐसे में कोई बड़ा हादसा घटित हो जाएगा तो इसके जिम्मेदार कौन होंगे। नंबर न होने के कारण संबंधित कहीं शिकायत भी नहीं कर सकते हैं। ऐसे में यह बड़ा मामला देखने को मिल रहा है।

देखा जाए तो परिवहन विभाग से जारी ऑटो या अन्य वाहनों में नंबर के बाद ही वाहनों को चलाने का नियम जारी किया जाता है। लेकिन सीधी शहर सहित जिले भर में बिना नंबर के ऑटो धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिसमें कि ई-ऑटो की सर्वाधिक शिकायतें मिल रही हैं। जहां कि दो-तीन महीने से ऑटो संचालित के बाद भी परिवहन विभाग के रूल के तहत ऑटो में नंबर बिना डाले संचालित कर रहे हैं। जिस वजह से कोई बड़ी घटना हो या कोई ऑटो संचालक जालसाजी करे इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। जबकि रूल है कि बिना नंबर डाले ऑटो का संचालन नहीं होना चाहिए लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। विंध्यभारत द्वारा सुबह करीब 11 बजे से लेकर 15 मिनट तक पुराने बस स्टैंड में फोटोग्राफ किया। जिसमें कि इस दौरान 30 से ज्यादा ऑटो बिना नंबर के देखे गए। इसमें लापरवाही किसकी है जो कि इस तरह की छूट दी गयी है।

यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी ने कहा कि हम व्यवस्था को लेकर पर्याप्त काम कर रहे हैं। रही बात ऑटो के संचालन को लेकर आपने मुझे जानकारी दिया, यदि बिना नंबर के ऑटो संचालित हैं तो निश्चित रूप से इस पर कार्यवाही कराई जाएगी। इसका निरीक्षण अभियान कर बिना नंबर के जो भी ऑटो चालू हैं उस पर त्वरित कार्यवाही होगी।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने कहा कि हर वाहनों के लिए निर्देश दिया गया है कि वाहनों में नंबर होना चाहिए। यदि ऑटो चालक बिना नंबर के संचालित हैं तो उन पर निश्चित रूप से कार्यवाही होगी। इसके लिए यातायात विभाग को भी निर्देशित करेंगे।

## उत्तरी करौंदिया में रामकथा का आयोजन 21 जनवरी से

**सीधी।** शिव आदिशक्ति सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा करौंदिया में विगत कई वर्षों से आयोजित होने वाली संगीतमय कथा इस वर्ष 21 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक रहेगी। यह कथा, कथा व्यास परम् पूज्यनीय डॉ. मनमोहन दास जी महराज शरणागत आश्रम चित्रकूट (म.प्र) की अमृत वाणी से प्रतिदिन 2 से 7 बजे तक श्रद्धालु को लाभान्वित होंगे। शिव आदिशक्ति सामाजिक सेवा संस्थान सीधी के अध्यक्ष अनिकेत चतुर्वेदी ने सभी श्रोताओं से पहुंचने तथा ज्ञान गंगा में गोता लगाने की अपील की है। राम कथा की मंगल कलश यात्रा 21 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे कथा स्थल उत्तरी करौंदिया से गाजे बाजे के साथ गणेश मंदिर पहुंचेगी। इस वर्ष भारतीय परम्पर और राम कथा पर आधारित कथा व्यास परम् पूज्यनीय डॉ. मनमोहन दास जी महराज के श्रवणीय व्याख्यान प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक होंगे। यह 9 दिवसीय राम कथा यू-ट्यूब के माध्यम से डॉ. मनमोहन दास जी महराज चैनल में भी लाइव सुनी जा सकेगी।

# अवैध उत्खनन मामले में पुलिस ने किया ट्रैक्टर जप्त

**सीधी।** अवैध खनिज उत्खनन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये चुरहट पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर एक ट्रैक्टर मय रेत लोड़ कीमती 6 लाख रुपये का मशरुका जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी चुरहट निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चुरहट पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 17 जनवरी 2025 को थाना प्रभारी चुरहट को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम मिसिरगवा में एक ट्रैक्टर रेत चोरी कर अवैध परिवहन कर रहा है । सूचना पर थाना प्रभारी चुरहट द्वारा एक टीम गठित कर रवाना किया गया जो टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो वहा एक लाल रंग का ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया, जिसको हमराह स्टॉफ की मदत से रेत भरा ट्रैक्टर पकड़ा जाकर चालक का नाम पता पूछा गया है जो अपना नाम भानु उर्फ आशीष पटेल पिता सिद्धमुनि पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मिसिरगवा थाना चुरहट जिला सीधी का होना बताया। जिससे अवैध रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी से ट्रैक्टर ट्राली मय रेत लोड़ कीमती लगभग 6 लाख रुपये जप्त किया जाकर वाहन चालक का उक्त कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएसए 4/21 खान खनिज अधि. के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उपर्युक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चुरहट निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रआर करन तिवारी, महेन्द्र सिंह परिहार, आरक्षक उदय तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## हाई स्कूल बारी के प्राचार्य को शो काज नोटिस

**सीधी।** अतिथि शिक्षक भर्ती में नियमों की अनदेखी करने पर जिला शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा शासकीय हाई स्कूल बारी के प्राचार्य विष्णु कुमार मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर प्रतिरक्षण उत्तर मांगा गया है। यह कार्रवाई जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक 272/ स्था.3/ का.ब.सू./2024 सीधी, दिनांक 16 जनवरी 2025 में कहा है कि प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया का जांच पत्र क्रमांक/ 1766/ जांच/ 2024 सीधी दिनांक 31 दिसंबर 2024 के द्वारा श्रीमती प्रीति पाण्डेय एसएसएस-2 गणित अतिथि शिक्षक का भी परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम था। फिर भी विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर 2024 का हवाला देते हुये।

# केशरवानी वैश्य जिला सभा ने आयोजित किया परिचय सम्मेलन

**वैश्य समाज के विभिन्न वर्गो ने दिखाई सहभागिता**



**सीधी।** केशरवानी वैश्य जिला सभा सीधी के तत्वाधान में सोन नदी स्थित जोगदहा पुल अमिलिया में सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने एवं समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के समय पर विवाह कराने हेतु एक दिवसीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गो ने बढ-चढ कर उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश विशिष्ट अतिथि तीरथ प्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीखरे वैश्य समाज मध्यप्रदेश, शिव प्रसाद गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष अग्रहरी वैश्य समाज मध्यप्रदेश, अशोक अम्बर प्रदेश अध्यक्ष अयोध्यावासी वैश्य समाज मध्यप्रदेश, भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी वेलफेयर ट्रस्ट मध्यप्रदेश, जे.पी. गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केशरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महर्षि श्री कश्यप जी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन से किया गया जिसमें विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय मंच से कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा व दशा देने लिए आयोजित किया जाता है, इस कार्यक्रम का लक्ष्य युवक-युवतियों का समय पर विवाह कराना है। साथ ही इसके लिए युवक-युवतियों के परिजनों की आपसी सहमति व परिचय होना चाहिए जो कि आज के परिवेश में आवश्यक हो चुका है। समाज कई प्रकार से अलग नजर आता है समाज को एकत्रित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए इससे समाज में नई व्यवस्था का निर्माण होता है जो कि सराहनीय कदम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव प्रसाद गुप्ता जी ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए 01 जून 2025 को रीवा जिले में अग्रहरी वैश्य समाज द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा किए है। परिचय सम्मेलन में 44 युवक एवं 6 युवतियों का वैवाहिक पंजीयन किया गया। पंजीकृत युवक एवं युवतियों के परिजनों के आपसी चर्चा हेतु अलग से बैठने की व्यवस्था की गई थी जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता रविशंकर केशरी जिलाध्यक्ष केशरवानी वैश्य जिला सभा सीधी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशरवानी वैश्य सभा के जिला पदाधिकारी वरिष्ठ संरक्षक बाला प्रसाद गुप्ता, चन्द्रमोहन गुप्ता, राजाराम गुप्ता सिगरौली जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, बांके लाल गुप्ता, जिला महामंत्री आलोक केशरी, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अयोध्यावासी समाज दिनेश गुप्ता, उमाषंकर गुप्ता, राजेश कुमार केशरवानी, घनश्याम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अंकेक्षक कुंजबिहारी गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, अमित प्रधान, अध्यक्ष नगर सभा विजय कुमार गुप्ता, संरक्षक नगर महिला सभा अंजू रवि केशरी, अध्यक्ष महिला सभा संगीता गुप्ता, अध्यक्ष तरूण सभा शिवशंकर गुप्ता सहित समाज के अन्य वरिष्ठ एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## संपादकीय

# शांति पर सहमति

इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौता लगभग तय हो गया है। सहमति में अमेरिका और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की भूमिका अहम रही है। इस समझौते से 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई जंग में 46000 मौतों और अनेक विस्थापन के बाद राहत मिलेगी। हालांकि, स्थायी शांति की गारंटी अभी नहीं है। इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान-मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जाएगा। इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की। यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किए गए जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई उसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। उसके बाद गाजा पर की गई इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाए। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बनकर आई है। हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं।

# ब्रह्मपुत्र पर न बने मनमानी का बांध

**तिब्बत एशिया की कई शक्तिशाली नदियों का स्रोत है। ये नदियां एशिया के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बहती हैं। यह स्पष्ट है कि चीन तिब्बतीय क्षेत्र में बहुत तेजी से आर्थिक गतिविधियां चला रहा है। विकास की गतिविधियों के चलते तिब्बत साल 2000 के बाद से ही भारी दबाव का सामना कर रहा है। आर्थिक गतिविधियों के चलते वनों की कटाई, मिट्टी का क्षरण, भूस्खलन, बाढ़, अम्लीय वर्षा और प्रदूषण में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन जल स्रोतों की स्थिति दिनों-दिन दुर्बल भी होती जा रही है। इस पूरे क्षेत्र में अनेक तरह की समस्याएं सामने आई हैं। चीन अपने तेज विकास से पसरता चला जा रहा है और अपनी सीमा के पार भी उसका प्रभाव फैलता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पानी पर भारत-चीन के बीच बातचीत सतही तौर पर ही चलती रही है। यह बातचीत विवाद के अंतिम समाधान तक पहुंचने में असमर्थ और अक्सर अनिच्छुक भी रही है। समय-समय पर होने वाले गतिरोधों और शत्रुता के इतिहास के चलते भी समाधान की इच्छा का अभाव रहा है।**

(निम्मी कुरियन)

भारत और चीन के बीच भू-राजनीतिक तनाव का नया केंद्र तिब्बत के मेडोग काउंटी की विशाल घाटी में तैयार होता दिख रहा है। यहां यारलुंग त्सांगपो अर्थात ब्रह्मपुत्र नदी भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यू-टर्न लेती है। यहां विशाल जलराशि का तीव्र वेग देखा जाता है, यहीं चीन दुनिया की सबसे बड़ी पन-बिजली परियोजना का विकास करना चाहता है। यहां चीन प्रति घंटे 300 अरब किलोवाट बिजली पैदा करेगा और इस संयंत्र की कुल क्षमता 60,000 मेगावाट होगी। इसके लिए वह 137 अरब डॉलर खर्च करने को तैयार है। इस परियोजना का सीधा असर भारत और बांग्लादेश में उन लोगों पर पड़ेगा, जो इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में रहते हैं। जाहिर है, चीन की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्या तरल सोने के लिए चीन की खोज दक्षिण एशिया के लिए जहर का प्याला साबित होगी?

तिब्बत एशिया की कई शक्तिशाली नदियों का स्रोत है। ये नदियां एशिया के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बहती हैं। यह स्पष्ट है कि चीन तिब्बतीय क्षेत्र में बहुत तेजी से आर्थिक गतिविधियां चला रहा है। विकास की गतिविधियों के चलते तिब्बत साल 2000 के बाद से ही भारी दबाव का सामना कर रहा है। आर्थिक गतिविधियों के चलते वनों की कटाई, मिट्टी का क्षरण, भूस्खलन, बाढ़, अम्लीय वर्षा और प्रदूषण में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन जल स्रोतों की स्थिति दिनों-दिन दुर्बल भी होती जा रही है। इस पूरे क्षेत्र में अनेक तरह की समस्याएं सामने आई हैं। चीन अपने तेज विकास से पसरता चला जा रहा है और अपनी सीमा के पार भी उसका प्रभाव फैलता जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में पानी पर भारत-चीन के बीच बातचीत सतही तौर पर ही चलती रही है। यह बातचीत विवाद के अंतिम समाधान तक पहुंचने में असमर्थ और अक्सर अनिच्छुक भी रही है। समय-समय पर होने वाले गतिरोधों और शत्रुता के इतिहास के चलते भी समाधान की इच्छा का अभाव रहा है। दोनों देशों के बीच विवादों का पुख्ता समाधान लक्ष्य भी नहीं है, इसलिए भी बातचीत के नतीजे बहुत मामूली निकलते हैं। हिमालयी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी वास्तविक कम, और प्रतीकात्मक ज्यादा रही है। यही वजह है कि भारत, चीन, नेपाल इत्यादि क्षेत्रों में विवाद बढ़ रहे हैं।

एक कड़वा सबक भारत ने 2017 में कीमत चुकाकर सीखा था, जब चीन ने भारत के साथ हाइड्रोलॉजिकल डाटा साझा करने से इनकार कर दिया, पर बांग्लादेश के साथ डाटा साझा करने के लिए वह आगे बढ़ा। भारत-चीन



गतिरोध की पृष्ठभूमि में ही डोकलाम में झड़प हुई, जवान शहीद हुए। हर बार चीन हावी दिखा।

जल-सुरक्षा के संबंध में भारत की नीति लचीली रही है, जिससे भारत के हितों को नुकसान पहुंचा है। बहुत सुरक्षित ढंग से चलने की परंपरा के चलते दोटूक संवाद की संभावना नहीं बन पा रही है। नतीजतन, हमने चीन के सामने हमेशा अपनी न्यूनतम मांगें रखी हैं, जिसके चलते चीन को खुली छूट मिल गई है। वह अपने निचले इलाकों या पड़ोसियों की चिंता के प्रति किसी भी जवाबदेही के बिना आगे बढ़ रहा है। सुधार की उम्मीद कम होती जा रही है। इसका एक कारण यह भी है कि चीनी दृष्टिकोण मैकेनिकल है, वह हर बात में सौदेबाजी को तरजीह देता है। तिब्बत स्थित तीन स्टेशनों से बाढ़ के मौसम में हाइड्रोलॉजिकल डाटा पाने के लिए भारत सालाना 82 लाख रुपये का भुगतान करता है।

ब्रह्मपुत्र के बारे में भी चीन केवल एकआयामी अध्ययन कर रहा है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पानी की गुणवत्ता के गंभीर मुद्दे से भी ध्यान हट गया है। ऐसी ही निष्क्रियता की कीमत 2017 में सामने आई थी, जब ब्रह्मपुत्र का पानी काला हो गया था। जल प्रदूषण का स्तर कथित तौर पर 1,249 एनटीयू हो गया था, जो सुरक्षित सीमा से 250 गुना अधिक था।

विशेष चिंता का विषय तीन नदियों का क्षेत्र है, जिसमें मध्य तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो, ल्हासा नदी और न्यांगचू बेसिन शामिल हैं, यह क्षेत्र पर्यावरणीय गिरावट का भी सामना कर रहा है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक दोहन वाले क्षेत्रों में से एक ग्यामा घाटी भी स्थित है, जहां तांबा, मोलिब्डेनम, सोना, चांदी, सीसा और जस्ता के भंडार हैं। चीनी वैज्ञानिकों के अध्ययन ने भी यहां नदियों की धारा के तलछट और अवशेषों में भारी धातुओं की उच्च सामग्री की आशंका की ओर इशारा किया है। जाहिर है, जब पानी बढ़ेगा और चीन पानी छोड़ेगा, तो तलछट व अवशेषों को बहकर नीचे आने का रास्ता मिल जाएगा। पूरे हिमालय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बांध-निर्माण परियोजनाओं की वजह से तलछट में जमा कचरा या संचयी प्रभाव के बारे में भी बड़े सवाल उठते हैं।

ध्यान देने की बात है कि हिमालय क्षेत्र में भूगर्भीय गतिशीलता भी ज्यादा है, भूकंप एक हमेशा मौजूद रहने वाला खतरा है। खुद चीनी वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है और पाया है कि पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत में साल 2008 में जो भूकंप आया था, जिसमें 80,000 लोग मरे थे, जिपिंगपु बांध को भी नुकसान पहुंचा था ।

पिछले हफ्ते तिब्बत में शिगात्से के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप चीन को याद दिलाता है कि अब बांध निर्माण न तो लागत-मुक्त है और न किसी समस्या का रामबाण है। ऐसे बांधों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। बीजिंग को विचार करना चाहिए कि ऐसे बांध के क्या जोखिम हैं, इसकी पर्यावरणीय लागत कितनी है, इसे लेकर क्षेत्रीय या वैश्विक भावनाओं का क्या स्वरूप है?

सवाल यह भी है कि ब्रह्मपुत्र के तटवर्ती देश क्या वैश्विक स्तर पर किसी मिसाल से सीख सकते हैं? चाहे वह उत्तरी अमेरिका में 1909 का ऐतिहासिक ग्रेट लेक्स समझौता हो या दक्षिण-पूर्वी यूरोप में 2005 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय सावा नदी बेसिन आयोग हो। नदी जल समाधान के ये समृद्ध साक्ष्य हमें बताते हैं कि तटवर्ती देशों के बीच विश्वास और सहयोग को आदत में ढालने में समय लगता है। कैटामायो-चिरा, जारुमिला, पुयांगो-टुम्बेस जल क्षेत्र की संयुक्त रूप से रक्षा करने के लिए 2023 में हुए इक्वाडोर-पेरू समझौते से पता चलता है, परस्पर सहयोग के लंबे प्रयासों के बाद ही ऐसा समझौता संभव होता है। ऊपर किसी जगह पर बांध बनाने से पहले नीचे के देशों के जन-जीवन, खेती और खेतिहर लोगों का भविष्य भी देखना चाहिए। क्या अभी प्रभावित होने वाले लोगों का व्यापक हित देखा जा रहा है?

व्यापक सुरक्षा से जुड़े ब्रह्मपुत्र विमर्श पर तमाम उदाहरणों से सबक लेते हुए बहुत सोच-विचार के साथ चलना होगा। लापता जल एजेंडे को आवाज देने और पूरे दिल से अपना हित देखने की जरूरत है।

(लेखिका प्रोफेसर, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च)ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# क्या कभी ईश्वर को धन्यवाद देने मंदिर गए हैं ?

**एक याचक था उसका परिवार काफी बड़ा था। उसे हर महीने 50 रुपये मिलते थे। वह हर महीने की एक निश्चित तारीख को आकर अपने पैसे ले जाता था। एक बार महीने की वह तारीख आई, वह बूढ़ा याचक रुपये लेने गया, लेकिन उस धनी सेठ के मैनेजर ने कहा कि भाई थोड़ा बदलाव हुआ है। अब से कुछ दिन तक तुम्हें पचास रुपये की जगह सिर्फ पच्चीस रुपये मिलेंगे। यह सुनकर याचक बहुत नाराज हो गया। उसने कहा कि क्या मतलब। मुझे तो हमेशा से पचास रुपये मिलते रहे हैं और बिना पचास रुपये लिए मैं यहां से नहीं हटूंगा। क्या वजह है 50 की जगह 25 रुपये देने की? मैंनेजर ने कहा कि जिनकी तरफ से तुम्हें रुपये मिलते हैं उनकी बेटी का विवाह है।**

( सुनीत अवस्थी)

एक अमीर आदमी था, उसने अपने गांव के सब निर्धन लोगों और याचकों के लिए माहवारी (प्रतिमाह) दान बांध दिया था। किसी को महीने में दस रुपये मिलते तो किसी को बीस तो किसी को पचास रुपये महीने। सभी लोग हर महीने की एक निश्चित तारीख को आकर अपने पैसे ले जाते थे।यह क्रम वर्षों से ऐसा ही चल रहा था। एक याचक था उसका परिवार काफी बड़ा था। उसे हर महीने 50 रुपये मिलते थे। वह हर महीने की एक निश्चित तारीख को आकर अपने पैसे ले जाता था। एक बार महीने की वह तारीख आई, वह बूढ़ा याचक रुपये लेने गया, लेकिन उस धनी सेठ के मैनेजर ने कहा कि भाई थोड़ा बदलाव हुआ है। अब से कुछ दिन तक तुम्हें पचास रुपये की जगह सिर्फ पच्चीस रुपये मिलेंगे। यह सुनकर याचक बहुत नाराज हो गया। उसने कहा कि क्या मतलब। मुझे तो हमेशा से पचास रुपये मिलते रहे हैं और बिना पचास रुपये लिए मैं यहां से नहीं हटूंगा। क्या वजह है 50 की जगह 25 रुपये देने की? मैंनेजर ने कहा कि जिनकी तरफ से तुम्हें रुपये मिलते हैं उनकी



बेटी का विवाह है। उस विवाह में बहुत खर्च होने वाला है। यह विवाह कोई साधारण विवाह नहीं है, उनकी एक ही बेटी है। लाखों का खर्च है। इस वजह से कुछ समय के लिए दान और मदद की रकम में थोड़ा बदलाव हुआ है, इसलिए अब आपको 50 की जगह 25 रुपये ही मिलेंगे। उस याचक ने गुस्से से पैर पटके और कहा कि इसका क्या मतलब। मेरे पैसे काटकर अपनी लड़की की शादी? अगर अपनी बेटी की शादी में लुटाना है तो अपने पैसे लुटाओ।

पिछले कई सालों से उस बूढ़े याचक को पचास रुपये मिलते आ रहे है, इसलिए वह आदी हो गया और खुद को इसका अधिकारी समझने लगा। अब 25 रुपये काट लेने पर उसका विरोध कर रहा है। क्या आपको पता है कि हमें जीवन में जो मिला है, उसे हम अपना मान रहे है। उसमें से आधा कटेगा तो हम विरोध तो करेंगे, लेकिन जो हमें अब तक मिला है जो अपना नहीं था वह मिला और क्या इसके लिए हमने कभी धन्यवाद भी दिया है। इस याचक ने कभी उस अमीर आदमी के पास जाकर धन्यवाद तक नहीं दिया की, तुम पचास रुपये महीने हमें देते हो इसके लिए धन्यवाद, लेकिन जब कटे तो विरोध किया।

**जरा विचार करें:** क्या हम कभी सुख के लिए भगवान को धन्यवाद देने मंदिर गये हैं? बहुत कम लोगों का जवाब हां होगाज्हम सभी अधिकतर बस दुःख की शिकायत लेकर ही ईश्वर के पास गये हैं। जीवन जैसे सुंदर उपहार के लिए हमारे मन में कोई धन्यवाद नहीं है, लेकिन मृत्यु के लिए बड़ी शिकायत। सुख के लिए कोई धन्यवाद नहीं है, लेकिन दुःख के लिए बहुत बड़ी शिकायत। जब भी हमने भगवान को पुकारा है तो कोई न कोई पीड़ा या दुःख के लिए।

दुःख में सुमिरन सब करे सुख में करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करे दुःख काहे को होय

कबीर दास जी कहते हैं कि दुःख के समय सभी भगवान को याद करते हैं, पर सुख में कोई भी भगवान को याद नहीं करता। यदि सुख में भी भगवान को याद किया जाए तो दुःख हो ही क्यों।

## वर्ग पहेली 5617



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 31 अगस्त 1919 को इस महान कवियत्री, उपन्यासकार और निबन्धकार ने जन्म लिया था (6)
6. अयोध्या के सूर्यवंशीय राजा का नाम जिनकी दूसरीरानी सुमति के गर्भ से 60 हजार पुत्र हुए थे (3)
8. दयालु, कृपालु, मेहरबान (4)
10. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
11. कामयाबी, सफल होने का भाव (4)
12. तत्पर, तैयार, उद्यत (3)
14. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
16. परसों के पहले या आने वाले दिन में (3)
18. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (3)
20. धोखा देकर माल, असबाब लूटना (3)
22. मुस्लिम धर्म के मानने वालों का पवित्र ग्रंथ (3)
23. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
24. घोर ध्वनि करना, बजाना (3)
25. वर के साथ कन्या पक्ष के यहां जाने वालों का समूह (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. गैर बराबरी, विषमता (5)
2. शिकार हेतु गमन, आखेट (3)
3. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तंतु या डोर (2)
4. पक्षपाती, हिमायती (5)
5. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी (3)
6. एक प्रश्नवाचक सर्वनाम (2)
9. मातृ, जन्म देने वाली स्त्री (2)
11. बराबरी, तुल्यता, समान होने का भाव (4)
13. 1918 में गणराज्य बने ऑस्ट्रिया देश की यह राजधानी है (3)
15. भेंट,उपहार, सौगात (4)
17. सूखे अदरक, को यह भी कहते है (2)
19. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
21. फूलों की घनी गुंथी छोटी माला जिसे प्रायः स्त्रियां बालों में संवारने के लिए लगाती है (3)

**वर्ग पहेली 5616 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ली | म | | रा | म | बो | ला |
| ह | मा | म | | ज | म | ना | |
| ना | | ता | दा | द | | | सो |
| य | दि | | मा | | सं | को | च |
| क | वा | य | द | | त | ह | |
| | लि | | | स | | रा | न |
| आ | वा | सा | व | न | झू | म | के |
| स्या | | वी | | म | ठ | | ल |

# सप्लाई रोक चीन छेड़ चुका है भारत से 'जंग', नए दोस्त करने होंगे तलाश

(अमित शुक्ला)

चीन ने भारत के खिलाफ व?यापार युद्ध छेड़ते हुए जरूरी सामानों और मशीनरी के निर्यात पर रोक लगाई है, जिससे भारत की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। भारत को जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी मजबूत करनी चाहिए ताकि उच्च-गुणवत्ता वाले कलपुर्जों की आपूर्ति बनाए रखी जा सके और चीन पर निर्भरता कम हो।

यह कहना गलत नहीं होगा कि चीन ने बिना कुछ बोले भारत के खिलाफ व?यापार युद्ध छेड़ द?या है। वह जरूरी सामानों और मशीनों के निर्यात पर रोक लगा रहा है। थिंक टैंक जीटीआरआई का मानना है कि भारत को चीन पर निर्भरता कम करने की जरूरत है। इसके लिए जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी मजबूत करनी होगी। दरअसल, चीन का भारत को जरूरी सामानों की सप?लाई रोकना भारत की अर्थव्यवस्था और उत्पादन प्रक्रिया पर गहरा असर डाल सकता है। कई क्षेत्रों में चीन एक प्रमुख सप?लायर है। ऐसे में इस तरह के कदम से उत्पादन लागत बढ़ सकती है। घरेलू बाजार में महंगाई भी बढ़ने की आशंका है। **रूस नहीं कर पाएगा ज्यादा मदद:** भारत का सबसे भरोसेमंद दोस?त रूस भी शायद इसमें ज?यादा मदद न कर पाए। रूस और चीन के बीच बढ़ते संबंध रूस के लिए भारत को बिना किसी शर्त के समर्थन देने में बाधा बन सकते हैं। इसके अलावा रूस की वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां उसे भारत को उतना व्यापक समर्थन देने की अनुमति नहीं देती जितना भारत चाह सकता है। यूक्रेन युद्ध के चलते रूस पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का प्रभाव उसकी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। इससे उसकी वैश्विक व्यापार क्षमता सीमित हो गई है। थिंक टैंक जीटीआरआई के अनुसार, चीन पर निर्भरता कम करने के लिए भारत को जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी मजबूत करनी होगी। भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और ईवी के लिए हाई-क?वालिटी वाले कलपुर्जे इन देशों से लेने चाहिए। जीटीआरआई का मानना है कि चीन के निर्यात प्रतिबंध उसकी ट्रेड वॉर रणनीति का हिस्सा हैं। चीन भारत की ओर से चीनी निवेश और वीजा पर लगाए गए प्रतिबंधों का जवाब दे रहा है। इससे भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर और ईवी कंपनियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**इस लड़ाई में चीन को भी नुकसान:** जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, यह गहरे भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध का संकेत देता है। हमें उम्मीद है कि भारत-विशिष्ट प्रतिबंध जल्द ही हट जाएंगे क्योंकि इससे चीन को भी नुकसान होगा। बेशक, चीन की यह रणनीति भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर और ईवी सेक्टर को प्रभावित करती है। लेकिन, इससे चीन का अपना निर्माण और निर्यात भी प्रभावित होता है। भारतीय कंपनियों को सामानों की सप?लाई में देरी और रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि चीन कलपुर्जों और मशीनरी का निर्यात रोक रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन काफी बिजी रहेगी और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपको अपने बच?चों के काम से काफी इधर-उधर जाना पड़ सकता है। ऑफिस में सहकर्मी और घर में छोटे लोग आपका साथ देंगे। किसी से उपहार मिलने से मन खुश रहेगा।

**वृष**
आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। पैसों के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। सहकर्मियों की मदद से आप समय से पहले काम पूरा कर लेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। शाम तक करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मिथुन**
आज करियर में लाभ होगा। दिन सफलता से भरा रहेगा। आपकी कोई खोई हुई चीज आपको वापस मिल सकती है। पुराना उधार वापस मिल सकता है। इससे आप बहुत खुश होंगे। सारे काम बिना रुकावट पूरे होंगे। पूरे दिन कई सरप्राइज मिलेंगे।

**कर्क**
आज भाग्य का साथ मिलेगा। पूरा दिन आनंद में बीतेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। योजनाएं सफल होंगी। नए काम में थोड़ी रुकावट आ सकती है। इसलिए सोच-समझकर काम करें। समय के साथ काम बनते जाएंगे।

**सिंह**
आज दिन शुभ है और आपके घर में पूरा दिन काफी खुशी का माहौल रहेगा। प्रॉपर्टी के मामले सुलझ सकते हैं। किसी मुकदमे में जीत हो सकती है। कमाई बढ़ेगी, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे। लेखक और पत्रकारों को सफलता और प्रसिद्धि मिलेगी। लाभ और सम्मान दोनों मिलेंगे। मन खुश रहेगा।

**कन्या**
आज दिन शुभ है और किस्मत आपका साथ दे रही है। दिन लाभदायक रहेगा। सहकर्मी आराम के मूड में रहेंगे। उनका मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको भाग?य का पूरा साथ मिलेगा। आपको हर तरह की मदद मिलेगी।

**तुला**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और किसी बड़े आयोजन में शामिल हो सकते हैं। विरोधियों को हराएंगे और अपने काम पर आप ठीक से फोकस करके उसे पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक**
आज करियर में लाभ होगा और आपको सामाजिक कार्य करने का मौका मिलेगा। ऑफिस का माहौल काम के लिए अच्छा रहेगा। हर काम में सफलता मिलेगी। सम्मान बढ़ेगा। जूनियर कर्मचारियों से कहासुनी हो सकती है।

**धनु**
आज शुभ है और आपको करियर में लाभ होगा। रुका हुआ काम पूरा होने से मन प्रसन्न होगा। ऑफिस में माहौल अच्छा बनाने की कोशिश सफल हो सकती है। इसके लिए सहकर्मियों का साथ जरूरी है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर ध्यान लगाएं तो आपको लाभ होगा।

**मकर**
आज दिन मिलाजुला रहेगा और करियर के मामले में आपको लाभ होगा। योजनाएं सफल होंगी और आपको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है। व्यापार में फैसले सोच-समझकर करें। लाभ होगा और योजनाएं पूरी होंगी।

**कुंभ**
आज दिन अनुकूल है और करियर-कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दिन की शुरुआत में थोड़ा काम करना पड़ेगा। बाद में सब ठीक हो जाएगा। हर मामले में धैर्य रखें। ऐसा कोई काम न करें जिससे नुकसान हो। आपने एक ही दिन में बहुत सारे रुके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमने-फिरने से मन प्रसन्न होगा।

**मीन**
आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन-देन की चिंता न करें। बढ़ते खर्च पर नियंत्रण करें। इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों की मदद से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा कर लेंगे। उपहार और सम्मान मिलेंगे। रुकी हुई योजनाएं पूरी होंगी। भाग्य में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजे राष्ट्रीय पुलिस अकादमी: आदित्यनाथ



प्रयागराज, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को पत्र लिखकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की विविध पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने शुक्रवार शाम लखनऊ में 5, कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर वरिष्ठ पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस बार जो एक बात सामने आई है, वह है पुलिस का व्यवहार। हमने युवा पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें महाकुंभ ड्यूटी के लिए तैनात किया है। उन्होंने कहा, हमने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को भी पत्र लिखकर युवा अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन और इस तरह के विशाल आयोजन से जुड़े अन्य विविध पहलुओं का अध्ययन करने के लिए यहां भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने कहा, उन्हें (युवा अधिकारियों को) इतना अध्ययन करने, इतना कुछ सीखने का मौका और कहां मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक संस्थान महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन और शोध कर रहे हैं। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है।

### उम्मीद है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम अच्छा प्रदर्शन करेगी: ओवैसी

हैदराबाद, एजेंसी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी इस साल के अंत में प्रस्तावित बिहार विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। हैदराबाद के सांसद ओवैसी वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने के लिए पटना आये थे। ओवैसी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरी पार्टी (विधानसभा चुनावों में) अच्छा प्रदर्शन करेगी और उम्मीदवार जीतेंगे और विधायक बनेंगे। एआईएमआईएम के अन्य दलों के साथ गठबंधन करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''बस इंतजार करें और देखिए क्या होता है।



### राजनीति से ऊपर उठकर ब्रांड गोवा बना रहे, सीएम प्रमोद सावंत के मुरीद हुए आप विधायक

पणजी, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक वेंजी विगास ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रगति के लिए गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा, मैं डॉ. प्रमोद सावंत को धन्यवाद देना चाहता हूं। वह भाजपा से हैं और मैं आम आदमी पार्टी से हूं। फिर भी, उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर गोवा को ब्रांड बनाने के लिए काम किया। मैं उन्हें गोवा के पहले मुख्यमंत्री दयानंद बांदोडकर से जोड़कर देखता हूं। यह टिप्पणी वेंजी विगास ने उस अवसर पर की जब मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बेनॉलिम विधानसभा क्षेत्र के कोलावा गांव में 7.5 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री अलेक्सियो सेक्वेरा और विधायक वेंजी विगास भी मौजूद थे। वेंजी विगास बेनॉलिम से ही आप के विधायक हैं। परियोजना की बात करें तो यह गोवा की सीवरेज और इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा शुरू की गई थी। इस प्लांट का उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखना है, साथ ही क्षेत्र की बुनियादी ढांचा जरूरतों को पूरा करना है।

### 5 साल की बच्ची से बलात्कार के बाद हत्या, अदालत ने दोषी को सुनाई सजा-ए-मौत

हुगली, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले की पोस्को अदालत ने 5 वर्षीय बच्ची से बलात्कार-हत्या के मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाई। पिछले साल नवंबर में हुए इस जघन्य अपराध के ठीक 54 दिन बाद न्यायाधीश चंद्रप्रभा भट्टाचार्य ने अशोक सिन्हा ने यह फैसला सुनाया। मालूम हो कि हुगली जिले के गुराप का यह मामला था। छोटी बच्ची से ऐसी बर्बरता का खबर सामने आते ही काफी हंगामा मचा था और लोगों ने न्याय पाने के लिए जोरदार आवाज उठाई थी। शुक्रवार को आए अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने त्वरित न्याय का स्वागत किया। सीएम ममता ने एक्स पर लिखा, आज अदालत ने गुराप की छोटी बच्ची से बलात्कार और हत्या करने वाले दोषी को मौत की सजा सुनाई है और मैं इसके लिए न्यायपालिका को धन्यवाद देती हूं। मैं हुगली ग्रामीण जिला पुलिस को उनकी त्वरित कार्रवाई और गहन जांच के लिए धन्यवाद देती हूं जिसने 54 दिनों में त्वरित सुनवाई और सजा सुनिश्चित की। मेरा दिल उनके परिवार के साथ है और मैं उनका दर्द और लालसा साझा करती हूं।

# दिल्ली में फिर से आप सरकार? अरविंद केजरीवाल की होगी वापसी : मनीष सिसोदिया

नईदिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को दावा किया कि 'आप' दिल्ली में आराम से अगली सरकार बनाएगी और शहर का सियासी माहौल मुख्यमंत्री पद पर अरविंद केजरीवाल की वापसी का संकेत दे रहा है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में जंगपुरा से किस्मत आजमा रहे सिसोदिया ने दावा किया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग कह रहे हैं कि वह फिर से उपमुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। सिसोदिया ने कहा, दिल्ली में 'आप' आराम से सरकार बनाएगी। सीटों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है, लेकिन सियासी माहौल को देखते हुए यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि 'आप' आराम से सत्ता बरकरार रखने की स्थिति में है। लोग अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। मार्च 2023 में कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तारी से पहले 'आप' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे सिसोदिया ने कहा कि लोगों को केजरीवाल पर भरोसा है, क्योंकि उन्होंने बिजली, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा जैसी सुविधाएं मुफ्त में प्रदान करके उनका जीवन आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यह झूठ फैला रही है कि कथित आबकारी नीति घोटाले में



आरोपी केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं। सिसोदिया ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि भाजपा मान रही है कि केजरीवाल दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। भाजपा के इस दुष्प्रचार में उसकी निराशा छिपी है कि वह (चुनाव) हार रही है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहीं नहीं कहा है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। कुछ मामूली, अस्थायी शर्तें हैं, जिन्हें मेरे मामले की तरह ही हटा दिया जाएगा, लेकिन भाजपा यह झूठ फैला रही है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। 'आप' नेता ने कहा कि उनका प्रचार अभियान सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि जंगपुरा के लोग उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में पहचानते हैं, जिसने जमीनी स्तर पर काम किया और राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों का कायापलट कर दिया। उन्होंने कहा, जंगपुरा के लोग कह रहे हैं कि अगर सिसोदिया विधायक चुने गए, तो उनका उपमुख्यमंत्री बनना तय है। मेरे पास कोई पद होगा या नहीं, यह भविष्य की बात है, लेकिन मैंने लोगों से वादा किया है कि अगर वे मुझे अपने विधायक के रूप में चुनते हैं, तो मैं पांच साल में जंगपुरा की हर सड़क की हालत वैसे ही सुधार दूंगा, जैसे मैंने स्कूलों की तस्वीर बदल दी। सिसोदिया ने कहा कि अगर 'आप' दिल्ली में सत्ता बरकरार रखती है, तो वह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को हर मामले में दखल नहीं देने देगी। उन्होंने कहा, वे 2015 से वहीं हैं। वे भी वही हैं और हम भी वही हैं। अगर उनकी चली, तो सीसीटीवी कैमरे नहीं लगेंगे, नयी बसें नहीं खरीदी जाएंगी, स्कूल-अस्पताल नहीं बनेंगे, बिजली मुफ्त नहीं मिलेगी। हम उन्हें मनमानी नहीं करने देंगे। हम लोगों के लिए काम करेंगे। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होंगे, जबकि नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को की जाएगी। इस मुकाबले को 2015 से राजधानी में सत्ता में रही आप और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस दिल्ली में अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जिस पर उसने 2013 तक 15 वर्ष लगातार शासन किया था।

### दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 981 उम्मीदवारों ने दाखिल किए पर्चे

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जनवरी तय की गई है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सबसे कम नामांकन कस्तूरबा नगर सीट से दाखिल हुए है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए नामांकन का मौका 17 जनवरी को समाप्त हो चुका है। नामांकन खत्म होने के बाद दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों के लिए 981 उम्मीदवारों में 1521 पर्चे भरे है। नामांकन भरने के अंतिम दिन यानी 17 जनवरी को 680 नामांकन पत्र भरे गए है। कस्तूरबा नगर में कुल छह उम्मीदवारों ने नौ नामांकन पत्र दाखिल किए है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सबसे अधिक नामांकन पत्र नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से दाखिल हुए है। बता दें कि नई दिल्ली में कुल 29 उम्मीदवारों द्वारा 40 नामांकन पत्र भरे गए है। नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भी चुनाव मैदान में है। उनके सामने बीजेपी के प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित चुनाव मैदान में है। नई दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है।

## कोलकाता पुस्तक मेले में हिंदू संगठन को स्टॉल लगाने की नहीं मिली इजाजत, हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में इन दिनों 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है। इस मेले में एक हिंदु संगठन को स्टॉल लगाने से रोक दिया गया, जिसके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट को दरवाजा खटखटाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने विक्रेताओं और प्रकाशकों की गिल्ड फटकार लगाई है। आपको बता दें कि गिल्ड ने विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) को आगामी 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में स्टॉल लगाने की अनुमति नहीं दी थी। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि ड्ढाकको पुस्तक मेला में स्टॉल लगाने के लिए स्थान दिया जाना चाहिए और यह सवाल उठाया कि गिल्ड, जो मेले का आयोजन करता है, ने इस बार ऐसा क्यों नहीं किया। ड्ढाक ने आयोजक से पुस्तक मेला में स्टॉल लगाने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, संगठन को अनुमति नहीं दी गई क्योंकि गिल्ड ने दावा किया कि इस वर्ष नियमों में बदलाव के कारण प्रक्रिया सही तरीके से नहीं पालन की गई। गिल्ड के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि वीएचपी संवेदनशील पुस्तकें प्रकाशित करता है और संगठन का कोई प्रकाशन हाउस नहीं है। दूसरी ओर वीएचपी के वकील ने तर्क दिया कि विश्व हिंदू बार्ता उनका संगठन है और यह 2011 से पुस्तक मेले में स्टॉल लगा रहा है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिन्हा ने गिल्ड से कहा, पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन को अनुमति दी गई है। अब इसे क्यों नहीं दी जा रही है? उन्होंने हमें पहले यह क्यों नहीं बताया कि वे कौन सी संवेदनशील पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं? वे अब तक संवेदनशील पुस्तकें नहीं प्रकाशित कर रहे थे और अब अचानक वे संवेदनशील पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सैफ अली खान पर हमले के मामले में दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात मुंबई में उनके आवास पर एक घुसपैठिए ने हमला किया। पुलिस मामले की सक्रियता से जांच कर रही है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया है कि अधिकारी महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। शुक्रवार को फडणवीस, जो गृह विभाग भी संभालते हैं, ने मीडिया को संबोधित करते हुए खुलासा किया कि पुलिस ने मामले में कई सुराग जुटाए हैं और उन्हें जल्द ही अपराधी को पकड़ने का भरोसा है। अपने बयान में सीएम फडणवीस ने कहा, पुलिस लगातार जांच कर रही है और उन्हें कई सुराग मिले हैं। मुझे विश्वास है कि वे जल्द ही अपराधी का पता लगा लेंगे। यह घटना मुंबई के बांद्रा इलाके में हुई, जहां एक घुसपैठिए ने अभिनेता के घर में घुसकर उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे सैफ अली खान गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंबई पुलिस हमलावर को पकड़ने के लिए अथक प्रयास कर रही है और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। मामले के सिलसिले में सैफ की पत्नी और अभिनेत्री करीना कपूर सहित 30 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई है। शुक्रवार शाम को करीना का बयान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उनके घर पर दर्ज किया गया।

# आप के दो बागी विधायकों ने करा लिया नामांकन, 3 सीटों पर बढ़ीं मुश्किलें

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की समय सीमा खत्म हो गई है। 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 981 उम्मीदवारों ने 1523 नामांकन दाखिल किए हैं। 20 तारीख को नामांकन वापस लेने की समय सीमा खत्म होने के बाद सभी सीटों की असली तस्वीर सामने आएगी और यह पता चलेगा कि कहां कितने उम्मीदवार मैदान में हैं। फिलहाल सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए लिए कम से कम तीन सीटों पर मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। टिकट कटने से नाराज दो विधायकों ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया है तो एक ने खुलकर पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

**देवली सीट पर बागी हुए प्रकाश जारवाल ने कराया नामांकन :** अन्ना आंदोलन और फिर पार्टी गठन के दौर से ही साथ रहे प्रकाश जारवाल आम आदमी पार्टी के पुराने सिपाही हैं। वह देवली सीट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं। अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर आप ने इस बार प्रकाश जारवाल की जगह प्रेम कुमार चौहान को उम्मीदवार बनाया है। टिकट कटने से नाराज प्रकाश जारवाल ने बगात का बिगुल फूंक दिया है। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल कर दिया है। वह लगातार प्रचार में भी जुटे हैं। ऐसे में यहां आप उम्मीदवार प्रेम कुमार चौहान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली में इस बार आप और भाजपा के बीच करीबी मुकाबले का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में प्रकाश जारवाल ने विधायक के तौर पर अपने कामकाज और संपर्कों के जरिए यदि समर्थक मतदाताओं को अपनी ओर लाने में कामयाब रहे तो इसका सीधा नुकसान आम आदमी पार्टी को होगा।



**हरिनगर में राजकुमारी ढिल्लो ने कराया नामांकन :** हरिनगर से आम आदमी पार्टी की विधायक राजकुमारी ढिल्लो ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। आप ने इस सीट से ढिल्लो को ही उम्मीदवार बनाया था, लेकिन 15 जनवरी को अचानक ढिल्लो को हटाकर सुरेंद्र सेतिया को टिकट दे दिया। ढिल्लो का आरोप है कि पैसे लेकर उनका टिकट काट दिया गया। ढिल्लों ने शुक्रवार को अपना पर्चा दाखिल करने के बाद कहा कि यह हरिनगर की जनता के सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई है।

**जनकपुरी सीट से दो बार के विधायक राजेश ऋषि बागी :** जनकपुरी सीट पर आम आदमी पार्टी के दो बार के विधायक राजेश ऋषि बागी हो चुके हैं। टिकट कटने से वह इतने नाराज हैं कि पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को कट्टर बेईमान बता रहे हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी करके आरोप लगाया है कि टिकट के लिए उनसे 5 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। 2015 और 2020 में जनकपुरी से जीत हासिल करने वाले राजेश ऋषि का कहना है कि आम आदमी पार्टी इस सीट से चुनाव हार रही है। सूत्रों के मुताबिक, वह अपने समर्थकों को आप के खिलाफ वोट करने को कह रहे हैं। 10 साल से विधायक होने की वजह से राजेश ऋषि बड़ी संख्या में लोगों से सीधे संपर्क में हैं और उनका इस तरह पार्टी के खिलाफ जाना आप के लिए खेल खराब कर सकता है।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, बोले- हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं

जोधपुर, एजेंसी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने महाकुंभ के आयोजन पर भी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति और उनके नेतृत्व को लेकर अब वह बेनकाब हो चुके हैं। हिंदी में कहावत है कि हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं। उनका चाल चरित्र और चेहरा सबके सामने आ चुका है। 1954 की भगदड़ की घटना को तत्कालीन सरकार के दबाने के सवाल पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 1954 की ही एक घटना नहीं है। आजादी के बाद से इमरजेंसी से लेकर 2014 तक इस पर ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि उन्होंने लोकतंत्र की कैसे हत्या की। इसके अलावा उन्होंने महाकुंभ के भव्य आयोजन को लेकर देशवासियों को बधाई



थी। साथ ही कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में जिस तरह से व्यवस्थाएं की गई हैं, यह केस स्टडी की तरह आवश्यक है। 45 दिन के इस महाकुंभ के आयोजन में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिन पूर्णिमा और बाद में मकर संक्रांति के दिन, लगभग इन दो दिनों में पांच करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया है, लेकिन इसके साथ-साथ लगभग 15 लाख लोग महाकुंभ में पूरे 45 दिन तक रह करके कल्पवास कर रहे हैं। लगभग इतनी ही बड़ी संख्या साधुओं की है, जो पूरे 45 दिन तक लगभग यहां रहने वाले हैं। लगभग 15 लाख लोग ऐसे हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख लोग महाकुंभ में स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं। बाकी लोग आते हैं और स्नान करके चले जाते हैं। महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह से किया गया है वो निश्चित रूप से अनूठा है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने आजादी के बाद पहले कुंभ का जिक्र करते हुए विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2013 में कुंभ में भगदड़ मची थी और उस समय की तत्कालीन सरकार ने असंवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया था। आजादी के बाद में जब पहले कुंभ का आयोजन किया गया था, उस समय के कुंभ की व्यवस्थाओं को देखें तो तत्कालीन सरकार कुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर किस तरह से उदासीन थी। नेहरू जी के कुंभ में जाने के कारण लोगों ने लिखित रूप से रिपोर्ट किया है कि कुंभ में भगदड़ मची थी, जिसमें 1000 से ज्यादा लोग दिवंगत हुए थे।

# भारत में हर चौथी दवा नकली, तेलंगाना में करोड़ों की नकली दवाएं बरामद, एसोचैम की रिपोर्ट का खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी। एसोचैम की रिपोर्ट मेंचैंकाने वाला खुलासा हुआ है। भारत में हर चौथी दवा नकली या घटिया है। इन दवाओं में सक्रिय साल्ट या तो मौजूद नहीं होता या बेहद कम मात्रा में होता है, जिससे मरीज की बीमारी ठीक होने के बजाय बिगड़ने लगती है। नकली दवाओं का यह कारोबार मरीजों की जान को जोखिम में डाल रहा है और इसका वार्षिक कारोबार 352 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

**नकली दवाओं का वैश्विक और भारतीय परिदृश्य :** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (ड्ढद्ध) के अनुसार, नकली दवाओं का वैश्विक कारोबार करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। इन दवाओं का 67त्न हिस्सा जीवन के लिए खतरनाक होता है। वहीं, भारतीय बाजार में नकली और घटिया दवाओं का सालाना कारोबार 352 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 25त्न दवाएं नकली या घटिया गुणवत्ता की हैं, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

**तेलंगाना में करोड़ों की नकली दवाएं बरामद :** पिछले साल तेलंगाना में ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की छापेमारी के दौरान करोड़ों की नकली दवाएं पकड़ी गईं। इन दवाओं में चाक पाउडर और स्टार्च भरा गया था। अमोक्सिलिन



जैसी दवाओं में सक्रिय साल्ट की मात्रा तय मानक से बेहद कम पाई गई। यह खेप उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से कूरियर के जरिए तेलंगाना भेजी गई थी।

**उत्तराखंड और यूपी में नकली दवाओं की फैक्ट्रियां बंद :** उत्तराखंड में सैंपल जांच में कई दवा कंपनियों के प्रोडक्ट खरे नहीं उतरे, जिसके चलते उनके लाइसेंस रद्द किए गए। 2024 में आगरा के मोहम्मदपुर इलाके में नकली दवाएं बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया, जहां से 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं जब्त की गईं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाओं के कई सिंडिकेट का खुलासा किया। गाजियाबाद के लोनी में एक गोदाम पकड़ा गया।

# अपनी मां की सीट पर वापस कांग्रेस को जीत दिला पाएंगे संदीप दीक्षित?

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नई दिल्ली सीट से वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता प्रवेश वर्मा से है। संदीप दीक्षित के लिए यह सीट एक विरासत का सवाल बन चुकी है, क्योंकि उनकी मां और दिल्ली की तीन बार मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित ने इस सीट पर पहले जीत हासिल कर चुकी हैं।

संदीप दीक्षित कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शीला दीक्षित के बेटे हैं। उनके लिए नई दिल्ली सीट पर चुनावी चुनौती सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक विरासत से जुड़ी हुई है। शीला दीक्षित ने 2008 में इस सीट पर जीत हासिल की थी जब यह सीट अस्तित्व में आई थी। इससे पहले वह गोल मार्केट से विधायक थीं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 2013 के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल से हार का सामना करना पड़ा था।

राजनीति में आने से पहले संदीप दीक्षित ने सामाजिक विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने संकेत सूचना



और अनुसंधान एजेंसी नामक सामाजिक विकास समूह का नेतृत्व किया। सोनीपत स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में वह संकाय सदस्य के रूप में भी काम कर चुके हैं।

संदीप दीक्षित ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से मास्टर डिग्री की है और इसके बाद ग्रामीण विकास में अध्ययन किया है। 15 साल से ज्यादा समय तक राजस्थान, गुजरात, पंजाब, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में संदीप दीक्षित ने ग्रामीण विकास और मानव विकास के मुद्दों पर काम किया है।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से 2004 और 2009 में सांसद रहे संदीप दीक्षित हमेशा अरविंद केजरीवाल के विरोध में रहते हैं। जब भी कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की कोशिश की, संदीप दीक्षित ने इसका विरोध किया है। साल 2019 में जब कांग्रेस और आप के गठबंधन की चर्चा हुई, तब संदीप ने कहा था कि आत्मसम्मान से बड़ी कोई चीज नहीं है। हम अपने सम्मान को छोड़कर उनके साथ खड़े नहीं हो सकते।

हाल ही में आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी और संजय सिंह ने संदीप दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए थे। आप नेताओं ने उन पर भाजपा और कांग्रेस से करोड़ों रुपये लेने और आप को हराने के लिए भाजपा के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया था। संदीप दीक्षित की छवि एक साफ-सुथरे और पढ़े-लिखे नेता के रूप में बनी है, जो कांग्रेस के लिए नई उम्मीद पैदा कर सकते हैं। दीक्षित का जन्म 15 अगस्त 1964 को हुआ था। उनके पिता विनोद दीक्षित उत्तर प्रदेश कैडर के एक आईएएस अधिकारी थे। संदीप दीक्षित की पत्नी का नाम रश्मि दीक्षित है और उनके एक बेटा भी है।

# चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा

नईदिल्ली, एजेंसी। खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के मैदान टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई टीम इंडिया को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान के साथ टिकी हुई है। बीसीसीआई ने शनिवार दोहपर बाद एक बैठक में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी।

इसके लिए बीसीसीआई मुख्यालय में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ कप्तान रोहित शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होनी है जोकि 9 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह। बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया है।

कौन नहीं हैंत्र संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

### ए ग्रुप में है भारतीय टीम



टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल

पहला टी20- 22 जनवरी (कोलकाता)
दूसरा टी20-25 जनवरी (चेन्नई)
तीसरा टी20-28 जनवरी (राजकोट)
चौथा टी20- 31 जनवरी (पुणे)
पांचवां टी20- 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई)

### टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

### आईसीसी मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल

19 फरवरी-पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
20 फरवरी- भारत बनाम बांग्लादेश
21 फरवरी-अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
23 फरवरी- भारत बनाम पाकिस्तान
24 फरवरी -बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड
25 फरवरी-ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका
26 फरवरी-अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड
27 फरवरी- पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश
28 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान
1 मार्च- इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
2 मार्च- भारत बनाम न्यूजीलैंड
4 मार्च- सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल
5 मार्च- सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल
9 मार्च- फाइनल **(सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।)**

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का शैड्यूल

पहला वनडे- 6 फरवरी (नागपुर)
दूसरा वनडे- 9 फरवरी (कटक)
तीसरा वनडे- 12 फरवरी (अहमदाबाद)



## रिश्ता हुआ पक्का

## स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह की समाजवादी पार्टी की इस सांसद से होगी शादी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह का समाजवादी पार्टी की सांसद से रिश्ता पक्का हुआ है. रिंकू की मंगेतर समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज हैं. जल्द रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी हो सकती है. प्रिया के पिता ने हमारे सहयोगी चैनल तहझ से बातचीत में इस बात को कन्फर्म किया है कि रोका हुआ है. दोनों आपस में एग्री थे. सगाई वगैरह की डेट बाद में तय की जाएगी. बातचीत अलीगढ़ में हुई.

यूपी टीम का इस समय लखनऊ में कैम्प चल रहा है. यूपी की टीम से जुड़े हुए एक खिलाड़ी ने भी नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि दोनों का रिश्ता पक्का हुआ है. 26 साल की सरोज ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी. उन्होंने बीपी सरोज को 35850 वोटों के अंतर से हराया था. प्रिया सरोज का जन्म 23 नवंबर 1998 को वाराणसी में हुआ था. प्रिया ने अपनी स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्थित एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट से पूरी की. इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से आर्ट्स में स्नातक किया. फिर उन्होंने नोएडा में एमिटी विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की.

प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज भी तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं. तूफानी सरोज फिलहाल केराकत सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक हैं.

पाकिस्तान- वेस्टइंडीजः

## पाकिस्तान ने पहली पारी में बनाए 230 रन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मुल्ताम में खेला जा रहा है। इस मैच की पहली पारी में पाकिस्तान की टीम 230 रन पर आउट हो गई और टीम के शीर्ष बल्लेबाज पूरी तरह से फेल रहे। इस मैच में पहले दिन लगभग दो सत्र के बाद खराब मौसम की वजह से टॉस किया गया था और पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था।

रिजवान और शकील ने खेली अर्धशतकीय पारी

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में पाकिस्तान की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और टीम के शीर्ष 4 बल्लेबाज सिर्फ 46 रन के स्कोर पर ही आउट हो गए थे। इस मैच में पारी की शुरुआत करने आए कप्तान शान मसूद 11 रन पर जबकि मोहम्मद हुरैरा सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर खेलने आए टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम भी सस्ते में निपट गए और वो 8 रन बनाकर आउट हुए जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाज करने आए कामरान गुलाम 5 रन बनाकर निपट गए।

रिजवान-शकील के बीच हुए 141 रन की साझेदारी

46 रन पर 4 विकेट गिर जाने के बाद मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने पारी को संभाला और दोनों ने 5वें विकेट के लिए 141 रन की शतकीय साझेदारी कर ली। हालांकि इसके बाद शकील 84 रन जबकि रिजवान 71 रन बनाकर आउट हो गए। इनके आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए और पूरी टीम 230 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की तरफ से जेडन सील्स और वार्रिकान ने 3-3 विकेट लिए। केविन सिंक्लेयर को भी पहली पारी में दो अहम सफलता मिली। पाकिस्तान के लिए निचले क्रम पर पहली पारी में साजिद खान ने 17 रन की अच्छी पारी खेली।

इंडिया ओपनः क्वार्टर फाइनल में हार के बाद बोलीं पीवी सिंधू

## मुझे और निरंतर होना होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पेरिस कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हारकर बाहर हो गईं, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय उम्मीद कायम रखी। 2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी।

### सिंधू ने दी जोरदार टक्कर

महिला एकल में तुनजुंग ने अपने शानदार ड्रॉप शॉट का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआत में दबदबा बनाया और ब्रेक के समय 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधू को अपने स्ट्रोक्स से जूझना पड़ा इसलिए यह गेम बहुत जल्दी खत्म हो गया। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 6-2 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन सिंधू ने वापसी की और स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। तुनजुंग के वाइड शॉट ने सिंधू को ब्रेक के समय एक अंक की बढ़त दिला दी। सिंधू आक्रामक खेल से 14-10 तक पहुंच गईं लेकिन तुनजुंग ने वापसी की और स्कोर 14-14 से बराबर कर दिया। सिंधू ने संयम बनाये रखते हुए दो गेम प्वाइंट हासिल किए और इसे 21-19 से अपने नाम कर लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार रैलियां खेलीं, लेकिन तुनजुंग ने 10-8 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि सिंधू ने ब्रेक के तुरंत बाद अंतर कम किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। पर तुनजुंग 17-14 पर पहुंच गई। लेकिन सिंधू ड्रॉप और नेट शॉट से बराबरी पर पहुंच गई। तुनजुंग ने फिर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और सिंधू के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ मैच जीत लिया।

### सिंधू ने मैच के बाद क्या कहा?

इससे पहले पूर्व चैंपियन सिंधू ने शुरुआती एकतरफा गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में लड़खड़ा गई और 62 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-19, 17-21 से पराजित हो गईं। सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह निश्चित रूप से दुखद है कि इतनी कड़े मुकाबले के बाद मैं तीसरे सेट में हार गई। लेकिन मुझे लगता है कि खेल ऐसा ही होता है। मुझे निश्चित रूप से मजबूत वापसी करनी थी, लेकिन उस समय कोई भी उस अंक को हासिल कर सकता था या इसे गंवा सकता था। उन्होंने कहा, मैच में लंबी रैलियां थीं। मुझे और अधिक निरंतर होना होगा। लेकिन कभी कभी ऐसा होता है।



ऑस्ट्रेलियन ओपनः

## स्वियातेक आसान जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में





**मेलबर्न, एजेंसी।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया।

पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था।

मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए।

मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार कल्चर पर संजय मांजरेकर ने कसा तंज

## सचिन के पास नहीं था बॉडीगार्ड...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से भारतीय क्रिकेट टीम में उथल-पुथल मचा हुआ है। इसके साथ ही बीसीसीआई ने एक 10 सूत्री नियम लाकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर शिकंजा कसने का काम कर दिया।

बीसीसीआई के कुछ नियम ऐसे हैं कि सीनियर खिलाड़ियों को परेशानी हो सकती है। इसी को लेकर अब पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने स्टार खिलाड़ियों पर तंज कसा है। मांजरेकर ने बिना नाम लिए विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों पर निशाना साधा है। संजय मांजरेकर ने टीम इंडिया के हालिया प्रदर्शन पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए कहा, मास्टर ब्लास्टर एक बड़े स्टार होने के बावजूद हर जगह अपने बॉडीगार्ड के साथ नहीं जाते थे।

भारतीय क्रिकेट टीम की मौजूदा कल्चर बॉलीवुड की तरह हो गया है। स्टार खिलाड़ी अपने बॉडीगार्ड के साथ चलते हैं।

## विराट कोहली हुए रणजी ट्रॉफी से बाहर ?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में एक 10 पॉइंट्स पॉलिसी जारी की थी, जिसके तहत टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों के लिए डोमेस्टिक मैचों में खेलना अनिवार्य होगा. ऐसे में अटकलें थीं कि विराट रणजी ट्रॉफी में दिल्ली टीम को जॉइन कर सकते हैं. रणजी ट्रॉफी के अगले चरण के मैचों की शुरुआत 23 जनवरी से होगी. अब एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार विराट कोहली ने गर्दन में दर्द का हवाला देकर रणजी ट्रॉफी के अगले मैच से अपना नाम वापस ले लिया है.

कोहली ने मेडिकल स्टाफ को बता दिया है कि वो अभी तक गर्दन की समस्या से उबर नहीं पाए हैं. यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान आई थी. बताते चलें कि 23 जनवरी से दिल्ली बनाम सौराष्ट्र मैच खेला जाएगा, जिसमें ऋषभ पंत के दिल्ली के लिए खेलने की पुष्टि पहले ही की जा चुकी है. दिल्ली और सौराष्ट्र ग्रुप डी में शामिल हैं. दिल्ली ने अभी टेबल में चौथे और सौराष्ट्र छठे स्थान पर है. आपको बता दें कि बीसीसीआई की 10 पॉइंट्स पॉलिसी अनुसार यदि कोई खिलाड़ी डोमेस्टिक मैच खेलने से मना करता है, तो उसे सजा भुगतनी पड़ सकती है. वहीं कोई परिस्थिति आने पर किसी खिलाड़ी को डोमेस्टिक मैच ना खेलने से पहले हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर की मंजूरी लेनी पड़ेगी.

# भाजपा अध्यक्ष के नगर आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत

### हजारों कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने किया जोरदार स्वागत

### उत्साहित कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह हुआ तुलादान और आतिशबाजी



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू का निर्वाचन के बाद प्रथम नगर आगमन पन्ना जिले में ऐतिहासिक गर्मजोशी और भव्य स्वागत के साथ हुआ। जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने फूल-मालाओं, आतिशबाजी और तुलादान कर अपने प्रिय नेता का जोरदार स्वागत किया। बृजेंद्र मिश्रा का काफिला दोपहर 12 बजे भोपाल से रवाना होकर दमोह होते हुए जिले की सीमा रैकरा पहुंचा। यहां जिला सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। रैकरा से लेकर पन्ना तक जगह-जगह भव्य स्वागत और तुलादान कार्यक्रम आयोजित हुए। बृजेंद्र मिश्रा का काफिला रैकरा से होते हुए गैसाबाद, सिमरिया, पगरा, पुरैना, अमानगंज, तारा, धरमपुर और अन्य स्थानों से होकर पन्ना पहुंचा। सिमरिया रेस्ट हाउस में मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र राजा के नेतृत्व में तुलादान हुआ। इसके बाद तिगरा, और पुरैना में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। अमानगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक और मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी ने तुलादान किया। यहां आतिशबाजी और पारंपरिक तरीके से स्वागत कर श्री मिश्रा को सम्मानित किया गया। काफिला विभिन्न गांवों और कस्बों से गुजरते हुए द्वारा में तारा में तुलादान मंडल अध्यक्ष बिशु प्रताप सिंह ने किया। अमझिरिया टोल के पास अजयगढ़, धरमपुर मंडल अध्यक्ष और नगरपंचायत अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया।

### पन्ना नगर में उत्सव का माहौल

शाम करीब 4 बजे बृजेंद्र मिश्रा पन्ना नगर में पहुंचे। यहां सत्यम पैलेस पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद काफिला डायमंड चौराहा, जनपद चौराहा, बीटीआई चौराहा, कोतवाली चौराहा, कटरा मोहल्ला, मोदी चौराहा, गोविंदजी चौराहा, बड़ा बाजार चौराहा, अजयगढ़ चौराहा, कचहरी चौराहा और पंचम सिंह चौराहा से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा। भगवान जुगल किशोर जी के दर्शन के साथ रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायकों सहित जिले भर के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पन्ना विधायक और पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, पन्ना नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे, जिला उपाध्यक्ष रविराज यादव, विष्णु पांडे, कैलाश गुप्ता, आशीष तिवारी, राजकुमार वर्मा, दिलीप शिवहरे, कमल लालवानी, मृगेन्द्र सिंह गहरवार, पार्थ मेहदेले, दीपेश व्यास, रवि पांडे, अजय पाठक, संदेश अग्रवाल, अतुल रैकवार, अनिल जाडिया, मोना शर्मा, और गगन पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वागत और उत्साह से भावुक हुए डब्बू

बृजेंद्र मिश्रा ने अपने स्वागत पर भावुक होते हुए कहा कि संगठन ने जो मुझ पर विश्वास जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। हमारा लक्ष्य लोकसभा और अन्य चुनावों में भाजपा का परचम फहराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार के प्रति जनता का अपार विश्वास है, जो हमें हर चुनाव में विजय दिलाएगा। श्री मिश्रा का प्रथम नगर आगमन न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन था, बल्कि यह जिले की जनता के लिए भी उत्साह और जोश का अवसर बना। जगह-जगह भव्य स्वागत ने यह साबित कर दिया कि बृजेंद्र मिश्रा का नेतृत्व पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## पूर्व मंत्री ने दो दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**पन्ना।** म.प्र. जन अभियान परिषद पन्ना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की क्षमतावृद्धि के लिए 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडेय सहित जिपं उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव एवं जिपं सीईओ संघ प्रिय भी उपस्थित रहे। प्रथम दिन के प्रशिक्षण में छः सत्र आयोजित हुए। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित ही नवांकुर संस्थाओं के दक्षता संवर्धन के लिए उपयोगी साबित होगा। नवांकुर संस्थाएं जनसहयोग से एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर बेहतर कार्य संपादित करें। जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय द्वारा परिषद के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आजीविका मिशन के जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद शुक्ला ने व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता विकास तथा सामुदायिक सहभागिता के विषयों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक क्षमा खरे, जगदीश सिंह, राजेश बाबू अर्गल, जागेश्वर ताम्रकार सहित प्रत्येक विकासखंड की कुल 21 नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## छत्रसाल महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में जागरूकता सत्र आयोजित कर छात्राओं को मिशन शक्ति अंतर्गत सखी सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता तथा महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में छात्राओं को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन और वन स्टॉप सेंटर के बारे में सार्थक जानकारी साझा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसपीएस परिहार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ किरण खरे, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय एवं कॉलेज स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को बताया गया कि डीएचईडब्ल्यू का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करना है, जबकि वन स्टॉप सेंटर द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर परामर्श, चिकित्सा, अस्थाई आश्रय, पुलिस सहायता, विधिक सहायता इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी भी दी गई।

## नशा मुक्ति केन्द्र में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा आज नशा मुक्ति केन्द्र पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने केन्द्र में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य उपस्थितजनों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान नशे के समस्त दुष्प्रभावों जैसे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में दुर्गा त्रिपाठी, मेघा शर्मा, आनंद त्रिपाठी एवं करण सिंह भी उपस्थित रहे।

## भाजपा के नेता अपने आप को संविधान से ऊपर मानते है: कमलेश्वर

**पन्ना।** वर्तमान समय में देश में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार द्वारा संविधान को खत्म करने का काम किया जा रहा है, तथा प्रजातंत्र में देश का संचालन करने के लिए बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये गये संविधान की लगातार उपेक्षा की जा रही है तथा पूरे देश में सविधान को कुचला जा रहा है, संविधानिक संस्थाओं की ताकत को कमजोर किया गया है। जिससे आम जनता के अधिकारी खतरे में पड़ते जा रहें है। विपक्ष द्वारा संसद में लगातार मुद्दे उठाये जाते है, लेकिन उक्त मुद्दो पर कोई जवाब सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। इस लिए कांग्रेस



पार्टी द्वारा संविधान बचाने को लेकर आगामी 27 जनवरी को मध्य प्रदेश के महु में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली निकाली जा रही है। जिसमें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजर्नुन खरगें, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा अनेक देश के नेता शामिल हो रहें है। इस संबंध में संभागीय प्रभारी तथा पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल नें स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में जानकारी दी है। उन्होने आंगे कहा कि हमारी कांग्रेस की सरकार नें 50 वर्ष के दौरान लगातार देश को मजबूत करने का काम किया है तथा संविधान के अनुसार देश का संचालन किया है, जनता को न्याय दिलाने का काम किया है, लेकिन विगत 11 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नें देश में अराजक्ता फैलाई है, जाति के नाम पर धर्म के नाम पर, लोगो को बाटने का काम किया है, उन्होने कहा कि भगवान राम किसी एक वर्ग के नहीं कण कण में भगवान राम भारत देश मे बसते है, तथा हर वर्ग भगवान राम का सम्मान करता है, एवं उनके द्वारा मर्यादा के रूप में स्थापित किये गये, कार्यो को आत्मसाथ करने का प्रयास करता है। उन्होने आए एस एस प्रमुख मोहन भागवत के द्वारा विगत दिनों दिये गये ब्यान को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जिसमें श्री भागवत ने कहा था कि देश को सही स्वतंत्रता एक वर्ष पूर्व मिली है, यह संविधान का अपमान है, भाजपा ईतिहास बदलना चाहती है, भाजपा एवं आर एस एस के लोग संविधान को नहीं मानते है, लोकसभा में देश के ग्रहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया गया, जिसका विरोध करने पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पांच फर्जी मामले दर्ज करवाये गये, लेकिन उसके बावजूद कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है, ईडी, सीबीआई तथा फर्जी मामले लगाकर कांग्रेस को डराने की भूल भापा की सरकार कर रही है। चुनाव आयोग जैसी संस्थाए निष्पक्ष कांम नहीं कर रही है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। आंगे उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पुनरगठन का कार्य भी चल रहा है तथा कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, दलित तथा पिछड़ो की लड़ाई लडती रहेगी, एवं देश को लूटने वाली भाजपा की सरकार को उखाड़ फैकने की दिशा मे काम करेगी। श्री पटेल नें सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयो को आगामी 27 जनवरी को महु इन्दौर में अधिक से अधिक संख्या में पंहुचने का अनुरोध किया है।

## किसान से 14 हजार की रिश्वत लेते आरआई को ईओडब्ल्यू ने किया ट्रेप

**सतना।** जमीन का सीमांकन करने के एवज में किसान से रिश्वत ले रहे राजस्व निरीक्षक को ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने 14 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रेप कर लिया, जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ईओडब्ल्यू एसपी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि बिरसिंहपुर निवासी किसान और पूर्व पार्षद रमेश पांडेय ने एक माह पूर्व बिरसिंहपुर तहसील कार्यालय में अपनी जमीन का सीमांकन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर यह मामला आरआई अजय सिंह के पास आया, तो उन्होंने सीमांकन करने के लिए 40 हजार की रिश्वत मांग ली। तब



दबाव में आकर कृषक रमेश पांडेय ने प्रथम किस्त में 6 हजार और द्वितीय किस्त में 20 हजार रुपए आरआई और हल्का पटवारी को दे दिए। इसके बाद भी आरआई ने काम नहीं किया और शेष रकम के लिए अड़ा रहा। ऐसे में परेशान किसान ने ईओडब्ल्यू के रीवा कार्यालय में शिकायत दर्ज करा दी, जिसकी तस्दीक के पश्चात रिश्वत की आखिरी किस्त के 14 हजार रुपए देने के लिए शिकायतकर्ता के जरिए 17 जनवरी का दिन निश्चित कराया गया। योजना के तहत आरआई अजय सिंह को सतना सर्किट हाउस बुलाया गया और किसान के पैसे थमाते ही ताक में बैठी टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया।

### 26 साल की नौकरी, एक दशक पहले मिला प्रमोशन

ईओडब्ल्यू के हत्थे चढ़े आरआई अजय सिंह ने नौकरी की शुरुआत वर्ष 1998 में पटवारी के रूप में की थी। 16 वर्ष तक जिले के अलग-अलग हल्कों में कार्यरत रहने के पश्चात वर्ष 2014 में राजस्व निरीक्षक के पद पर प्रमोशन और पहली पोस्टिंग नागौद में मिली। इसके पश्चात कोठी और फिर बिरसिंहपुर में पदस्थापना रही, जहां के मामले में वह ट्रेप हो गया। ईओडब्ल्यू की टीम अब 26 साल की नौकरी के दौरान जुटाई गई संपत्तियों का ब्यौरा भी एकत्र करने में जुट गई है।

### इस टीम ने की कार्रवाई

वर्ष 2025 में सतना जिले में ईओडब्ल्यू की यह पहली ट्रेप कार्रवाई है। आरआई अजय सिंह को ट्रेप करने वाली टीम का नेतृत्व डीएसपी किरण किरो ने किया, जिसके साथ इंस्पेक्टर मोहित सक्सेना, एसआई अभिषेक पांडेय, संतोष पांडेय, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र पटेल, सत्यनारायण मिश्रा, कुलभूषण द्विवेदी, घनश्याम त्रिपाठी, आरक्षक पूर्णिमा सिंह, धनंजय अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक चालक ओमकार शुक्ला और आरक्षक चालक संतोष मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई।

## बंद घर में लगी आग, 2.45 लाख नकदी समेत गृहस्थी खाक

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र के नौगांव नंबर-4 के एक घर में आग लगने से नकदी समेत गृहस्थी खाक हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवेन्द्र पांडेय पुत्र मुनेश्वर प्रसाद बीते 12 जनवरी को अपने बेटे का इलाज कराने पत्नी के साथ रीवा गए थे, जहां डॉक्टरों ने जांच के पश्चात बच्चे को भर्ती कर लिया, जिसके चलते दम्पति को भी वहीं रुकना पड़ा। इसी बीच 15 जनवरी की सुबह पड़ोसियों ने बंद घर से धुंआ उठते देखकर शिवेन्द्र के पिता को सूचित किया और उनके आने पर ताला तोडक़र अंदर घुसे, मगर तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में दी जानकारी



**पन्ना।** नेहरू युवा केंद्र पन्ना द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान अंतर्गत आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पन्ना में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं नियमों के पालन के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एसपीएस परमार सहित यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार एवं अन्य प्राध्यापकगण व स्वयंसेवक सत्यम शर्मा भी उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी और एनएसएस के सभी कैडेट ने भी सहभागिता की।

## जनकल्याण शिविरों में मिल रहा है योजनाओं का लाभ



**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में नागरिकों को शासकीय विभागों की योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने की मंशा से लगाये जा रहे शिविरों में आसानी से हितलाभ प्रदाय सुनिश्चित किया जा रहा है। शनिवार, 18 जनवरी को गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गंज, इमलिया भूरे खां एवं नचने, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत समाना एवं देवरी तथा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिंहपुर एवं नयागांव में शिविर लगाया जाएगा।

## नागौद मार्केट से बदमाश ने पार कर दिया 3.47 लाख से भरा बैग

**सतना।** नागौद मार्केट में अज्ञात बदमाश ने 3 लाख 47 हजार रुपयों से भरा बैग पार कर दिया, इस वारदात से कस्बे में हडकंप मच गया है तो वहीं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम जैतवारा निवासी रामभजन पांडेय 45 वर्ष, ने शुक्रवार दोपहर को तकरीबन साढ़े 12 बजे नागौद के कमला मार्केट में संचालित इंडियन बैंक के अपने खाते से 70 हजार और परिचित महिला प्रसन्ना बाई गर्ग निवासी कोटा के खाते से 2 लाख 77 हजार निकालकर थैले में रख लिए।

इसके बाद दोनों लोग बाजार की तरफ चल पड़े। जहां एक किराना स्टोर पर रुककर गुड़ खरीदा। इस दौरान उन्होंने बैग काउंटर पर रख दिया और जेब से पैसे निकालकर दुकानदार को थमा दिए, लेकिन जब सामान खरीदने के बाद बैग की तरफ हाथ बढ़ाया तो उनके होश उड़ गए। काउंटर से रुपयों का बैग गायब हो चुका था। यह देखकर रामभजन पांडेय बदहवास होकर इधर-उधर तलाश करने लगे, मगर जब कुछ पता नहीं चला तो परिजनों को सूचित करने के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी।

दिनदहाड़े लाखों रुपयों से भरा बैग गायब होने की बात पता चलते ही पुलिस हरकत में आ गई और कस्बे में सर्च ऑपरेशन छेड़ दिया। बैंक से लेकर किराना स्टोर और दूसरी जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक व्यक्ति लगातार पीड़ित किसान के आसपास मंडराते दिखा। उक्त युवक को चिन्हित कर तलाश के लिए टीमें दौड़ाई गईं और कुछ घंटों के अंदर संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया, जिससे पूछताछ की जा रही है। कुछ और संदेहियों को भी चिन्हित किया गया है।

टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि राम भजन पांडेय और प्रसन्ना बाई गर्ग ने सरकारी खरीद में धान बेची थी, जिसके पैसे उनके खातों में आए थे। शुक्रवार को वही रकम बैंक से निकालकर दोनों लोग घर जा रहे थे, तभी यह वारदात हो गई। पूर्व में भी नागौद समेत कई अन्य जगहों पर ऐसे ही कई मामले सामने आ चुके हैं।

## ऐप में निवेश की आड़ लेकर 3 लाख की ठगी, कबाड़ कारोबारी के खिलाफ एफआईआर

**सतना।** ईवा एशिया एक्स्पो ऐप में लाखों का निवेश कराते हुए मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के आरोपी पर सिटी कोतवाली में जालसाजी का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि नगर निगम में ठेकेदारी करने वाले सुनील पुत्र कल्याणदास छाबडिया 40 वर्ष, निवासी बजरहा टोला, ने कबाड़ कारोबारी अनश खिलची निवासी नजीराबाद के कहने पर अप्रैल 2024 की शुरूआत में ईवा एशिया एक्स्पो ऐप में 3 लाख रुपए लगाए थे, जिसके बदले कुछ महीनों तक उसके खाते में लाभांश की रकम आती रही, मगर फिर अचानक पैसे आने बंद हो गए।

इस बात की शिकायत सुनील ने जब अनश से की तो उसने किसी वेद नामक युवक के जरिए 10 हजार का विड्रॉल कराया, पर इसके बाद कोई पैसा नहीं मिला और आरोपी अनश ने भी पल्ला झाड़ लिया। आरोपी ने ऐप से जुड़े लगभग 200 लोगों का वॉट्सएप ग्रुप भी बना रखा था, सभी ने काफी पैसे इन्वेस्ट किए थे। प्रकरण में बेद की भूमिका को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

इस मामले में सुनील छाबडिया की शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद अनश खिलची के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी के घर पर दबिश दी, मगर वह नहीं मिला। माना जा रहा है कि गिरफ्तारी के डर से युवक फरार हो चुका है। उधर ऐप फर्जीवाड़ा में सुनील के अतिरिक्त कोई भी पीड़ित सामने नहीं आया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, रविवार 19 जनवरी 2025 

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा स्थित अपने निवास में आमजनों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त आवेदनों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।



## प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का किया वितरण

### विकास के साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाएँ प्राथमिकता से क्रियान्वित की जा रही हैं : उप मुख्यमंत्री

रीवा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक ग्रामों के 65 लाख हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया। प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन के माध्यम से सम्पत्ति कार्ड का वितरण करते हुए देश के विभिन्न प्रदेशों के हितग्राहियों से संवाद किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना न सिर्फ हितग्राहियों को पक्के रिकार्ड उपलब्ध करा रही है बल्कि इससे उनकी आंकाक्षाओं को उड़ान भी मिल रही है। देश में ग्राम स्वराज को धरातल पर उतारने के प्रयास जारी है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी से वर्चुअली जुड़े।



पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम का नगर निगम टाउन हाल सहित जिले के जनपद मुख्यालय तथा ग्राम पंचायतों में भी प्रसारण देखा व सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश व प्रदेश में विकास कार्यक्रमों के साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाएँ प्राथमिकता से क्रियान्वित की जा रही हैं और पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में केन्द्र संचालित योजनाओं के साथ ही प्रदेश स्तर पर जनकल्याण के कार्य कराकर लोगों को इनसे लाभान्वित किया जा रहा है। स्वामित्व योजना से पट्टे मिलने से अब हितग्राही उस जमीन से मालिक बन गये और लोगों को पक्का कानूनी अभिलेख भी मिल गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व व भू-अधिकार गांव के विकास की आधार बन रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक किये गये पट्टा बनाने व वितरण कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगामी 31 जनवरी तक शेष रह गये हितग्राहियों को भी पट्टे मिल जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्र में सूची बनाकर पात्र हितग्राहियों को धारणाधिकार के पट्टे दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अपेक्षा की कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागी बनकर प्रजातंत्र को वरदान बनायें। उप मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया।

इससे पूर्व कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के आबादी क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्वामित्व योजनान्तर्गत ड्रोन से किये गये सर्वे व नक्शे बनाने के उपरांत स्वामित्व कार्ड प्रदान किये जा रहे हैं। जिले के 156 ग्रामों के 4283 हितग्राहियों का 795234 वर्ग मीटर भूमि का पट्टा प्रदान किया जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2023 से मार्च 2024 तक जिले के 44 ग्रामों के कुल 2211 पट्टे बांटे जा चुके हैं। शेष पट्टे आगामी 31 जनवरी तक वितरित कर दिये जायेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा, परियोजना अधिकारी फरहत जैब सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, संभ्रांतजन व हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संचालन विवेक नामदेव ने किया।

## स्वामित्व पट्टा मिलने पर निर्मला गुप्ता ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



रीवा। निर्मला गुप्ता ने स्वामित्व पट्टा मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मैं टीकर गांव में जिस जमीन में घर बनाकर रह रही थी उसका मेरे पास पट्टा नहीं था लेकिन अब पट्टा मिल जाने से मैं कानूनी रूप से इस जमीन व घर की मालकिन हो गयी हूं अब मुझे कोई फिक्र नहीं है। कोई मुझे इस जमीन व घर से बेदखल नहीं कर सकता। यह पट्टा मुझे अन्य जरूरतों के लिए लोन आदि लेने में भी मददगार साबित होगा।

## जिले में आयोजित हुआ स्वामित्व योजना पट्टा वितरण कार्यक्रम



रीवा

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। रीवा जिले में भी इस कार्यक्रम को देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वामित्व योजना के चयनित लाभार्थियों से संवाद करते हुए इलेक्ट्रानिक माध्यम से पट्टों का वितरण किया। जिलें के विभिन्न जनपद एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में स्वामित्व योजना पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक गुढ नागेन्द्र सिंह ने रायपुर जनपद पंचायत मुख्यालय में हितग्राहियों को पट्टे वितरित किये। सिरमौर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिव्यराज सिंह ने स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के पट्टे बांटे। मनगवां तहसील के ग्राम पंचायत बुढ़वा में विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति एवं अध्यक्ष जनपद पंचायत विकास तिवारी की उपस्थिति में हितग्राहियों को पट्टे वितरित किये गये।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

रीवा। पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 19 जनवरी को विभिन्न स्थानों में शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 19 जनवरी को सिलपरी, डेल्ही में अनुभाग हुजूर में, 19 जनवरी को अमिरती और छिरेहटा में, अनुभाग जवा में छतैनी और बीरपुर में, अनुभाग मनगवां में भौखरीखुर्द में शिविर लगेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 19 जनवरी को पुरवा, मनीराम और कोराव में तथा अनुभाग सिरमौर में बधरा, लैनबधरी और तिघरा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## मऊगंज जिले में आयोजित हुआ स्वामित्व योजना पट्टा वितरण कार्यक्रम

रीवा। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे मऊगंज जिले में भी देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वामित्व योजना के चयनित लाभार्थियों से संवाद करते हुए इलेक्ट्रानिक माध्यम से पट्टों का वितरण किया। मऊगंज जिलें में स्वामित्व योजना पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश



गौतम ने पड़रिया, झांझर, टटिहरा में हितग्राहियों को पट्टे वितरित किये। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकार के अभिलेख वितरित किये गये। इस अवसर पर कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 3446444 क्विंटल हुई धान की खरीद

रीवा। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 54388 किसानों से अब तक 3446444.95 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 792 करोड़ 68 लाख 21 हजार 53 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 58763 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। अब तक 32 लाख 69 हजार 235 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 612 करोड़ 91 लाख 50 हजार 532 रुपए जारी किए जा चुके हैं। धान खरीदी की अंतिम तिथि 23 जनवरी निर्धारित है।

## फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी बैठक मऊगंज में 23 जनवरी को

रीवा। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित जिला टास्क फोर्स बैठक 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित की गयी है। बैठक में मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सामूहिक दवा सेवन अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा।

## स्वामित्व योजना का पट्टा पाकर खुश हैं जगदीश प्रसाद नाई



रीवा। जिले के टीकर निवासी जगदीश प्रसाद नाई को स्वामित्व योजना के तहत पट्टा प्राप्त हुआ। जिसे पाकर वह काफी खुश दिखायी दिये। जगदीश प्रसाद नाई ने कहा कि पहले मुझे अपनी जमीन का पट्टा नही मिला था और डर लगा रहता था कि मुझे कोई घर से बेदखल न कर दें। अब मुझे पट्टा मिल गया है। मैं अब निधश्चत होकर रहूंगा और मेरी आने वाली पीढ़ी भी बिना किसी चिंता के सुकून से अपने घर में रह सकेगी।

## उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैटरीयुक्त ट्राईसाइकिल प्रदान की

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिव्यांगजन तेजभान पटेल निवासी लौआ लक्ष्मणपुर, दीपक सिंह गहरवार निवासी बोदाबाग तथा शशिकांत पाण्डेय निवासी बुड़वा को बैटरीयुक्त ट्राईसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वरीय सेवा है। बैटरीयुक्त ट्राईसाइकिल मिल जाने से इनकी दिनचर्या सरल, सुलभ व आराम दायक हो जायेगी। उन्होंने भारतीय रेडक्रास टीम रीवा की सेवा भावना की सराहना की।



इस अवसर पर चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, पीयूष पटेल, राजीव तिवारी, पवन शुक्ला, डा. ऋषभ तिवारी,प्रो.अजय शंकर पांडेय,राजा भैया, संजय शुक्ला सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## सुधार कार्यों के लिए ईव्हीएम वेयर हाउस खोलने की अनुमति

रीवा। ईव्हीएम वेयर हाउस के कक्षों में स्थापित अग्निशमन यंत्रों एवं अन्य भवन संबंधी सुधार कार्य कराए जाने हैं। इसके लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने 15 जनवरी से कार्य समाप्ति तक ईव्हीएम वेयर हाउस खोले जाने की अनुमति प्रदान की है। वेयर हाउस खोलने तथा बंद करते समय सतत वीडियोग्राफी कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## पुस्तैनी जमीन का पट्टा पाकर सुकून का अनुभव कर रही हैं नीतू वर्मा

रीवा। टीकर निवासी नीतू वर्मा पुस्तैनी जमीन में अपने घर में रह तो रही थीं मगर उसका पट्टा उनके पास नहीं था। उन्हें डर लगा रहता था कि कोई हटा न दें। स्वामित्व योजना के तहत पट्टा पाकर नीतू वर्मा सुकून का अनुभव करते हुए कहती हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कारण मुझे अब पट्टा मिल गया और मैं निधश्चत हो



गई। उन्होंने प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी का ह्रदय से धन्यवाद दिया।

## युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे जनहित की योजनाओं कद्य घर घर लाभ दिलाएंगे : राजेंद्र मिश्रा

रीवा। भारतीय जनता पार्टी मऊगंज के जिला अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र मिश्रा भोपाल से मऊगंज पहुंचे जहां पर ऐतिहासिक स्वागत मऊगंज की जनता और और भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मऊगंज जिला की सीमा पर 500 से अधिक मोटरसाइकिल और सैकड़ो चार पहिया वाहनों से अगुवाई कर जिला अध्यक्ष को खुली जीप में गजे बजेके साथ पूरे मऊगंज जिले में विशाल रैली निकल गई जगह-जगह स्थानी जनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर भाव स्वागत किया मऊगंज में आयोजित स्वागत रैली को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि आप सब का स्नेह और प्रेम मिला है मैं मऊगंज की माटी में पैदा हुआ यही खेल यही पर बड़ा हुआ पार्टी ने मुझे आपकी सेवा करने के लिए पुन: जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है मैं आप सभी के स्नेह और प्रेम का सदैव ऋणी रहूंगा मऊगंज जिले के रघुनाथगंज,पलिया, देवतालाब, पन्नी, डगदौआ में देवतालाब विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वही मऊगंज विधानसभा के मुदरिया मोड़ से 500 चार पहिया वाहनों का काफिला भाजपा कार्यालय मऊगंज तक स्वागत हुआ उसके उपरांत खटखरी चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया एवं हनुमना में तहसील के पास से रैली प्रारम्भ हो हनुमना हनुमान मन्दिर में समापन हुआ तदुपारंत शाहपुर मंडल में स्वागत का समापन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में जिलाउपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, जयप्रकास मिश्रा, उर्मिला सिंह, अवधबिहारी पाण्डेय, पंकज पाण्डेय,प्रकाश चौरसिया जिलामहामंत्री महेंद्र सिंह बी आर शैलानी, मंडल अध्यक्ष मऊगंज अमित सिंह,खटखरी मुरलीधर द्विवेदी, हनुमना सुनील शुक्ला, शाहपुर मुन्द्रिका पटेल, देवतालाब विनोद कोल, रघुराजगढ़ लवकुश सिंह, तमरी नागेंद्र पटेल, जिला मंत्री अमरेंद्र सिंह अशोक साकेत पूनम गुप्ता,प्रवीण सिंह विकास तिवारी मऊगंज नगर परिषद अध्यक्ष बृजबाशी पटेल स्वदीप सिंह शिवदत्त मिश्रा, अजय तिवारी सूरज तिवारी अशोक गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रशांत शुक्ला, अंकित मिश्रा, संतोष तिवारी कीर्तिकुमार मिश्रा दिल्लू प्यासी, शिवांशु चतुर्वेदी ज्योति गुप्ता, भीमसेन शुक्ला आनंद शुक्ला पवन पाल सहित हजारों की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## रीवा में 9 लाख का 60 किलो गांजा बरामद, 6 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

रीवा। रीवा पुलिस ने 9 लाख रुपये का गांजा बरामद किया है। इसके साथ ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार कियागया है, जबकि एक फरार हो गया है। सभी आरोपियों से पूंछतांछ की जा रही है। सभी आरोपी रीवा जिले के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार आरोपी रायपुर छत्तीसगढ़ से गांजा लाये थे और बनारस में खपाने की तैयारी थी।

इस संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 06 आरोपियो की गिरफ्तार किया गया कार्यवाही - दिनाक 17.01.2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रमकुईबाईपास रोड संजय ढाबा के पास कत्थई रंग की आयसर



कम्पनी का ट्रक क्रमाक सीजी 04-एनजेड 7870 मे कुछ लोग रायपुर छत्तीसगढ से रेल्वे के माल के बीच गांजा रखकर विक्री करने के लिये एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमाक एमपी 17सीए- 5884 मे गांजे को पल्टी करने के फिराक मे है। सूचना पर जोनल टीम एव चोरहटा थाना पुलिस व्दारा संयुक्त रुप से रेड कार्यवाही कर 06 उक्त आरोपी एव माल को जप्त किया गया, मामले मे एक नफर आरोपी रोहित सिह निवासी मलपार थाना सोहागी का नाम बढाया गया है जिसकी तलाश की गई जो फरार है।गिरफ्तार किये गये आरोपियों में गिरफ्तार आरोपी सतेन्द्र सिह पिता स्व. भीमसेन सिह उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम लूक थाना जवा हाल शिवनगर लूक हाउस थाना विश्वविद्यालय जिला रीवा म.प्र.। विजय सिह पिता रामसुशील सिह उम्र 26 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवा जिला रीवा म.प्र.। उत्तम सिह पटेल पिता बलराम सिह उम्र 25 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवा जिला रीवा म.प्र.। सौरभ सिह पिता मोरध्वज सिह उम्र 25 वर्ष निवासी जवा वार्ड क्र.01 थाना जवा जिला रीवा म.प्र.। मंयक सिह पिता मुन्नीलाल सिह उम्र 22 वर्ष निवासी डिहियाखुर्द थाना जवा जिला रीवा म.प्र.। लवकेश सिह पिता स्व. छबिलाल सिह उम्र 38 वर्ष निवासी निमगहना थाना जवा जिला रीवा म.प्र.। हित सिह निवासी मलपार थाना सोहागी जिला रीवा म.प्र. (फरार)

सराहनीय भूमिका -नगर पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ रितु उपाध्याय,उप पुलिस अधीक्षक उदित मिश्रा, निरीक्षक आशीष मिश्रा, उपनिरीक्षक शैल यादव, उपनिरीक्षक मृगेन्द्र सिह, उपनिरी. अभिषेक खरे, उपनिरीक्षक सोनल झाँ, उपनिरीक्षक प्रशान्त शुक्ला, उपनिरीक्षक गौरव मिश्रा, प्रआर. अश्वनी शुक्ला, प्रआर.के. पी.सिह, प्रआर. रवि प्रताप सिह, प्रआर. जय सिह आर. शिवम सिह, आर. अरविन्द यादव, आर. मोहित यादव, आर. जयबीर सिह, आर. पंकज मिश्रा, आर. नीरज पाण्डेय, आर. चन्द्रकान्त अरखेल, आर. शिवमूर्ति मिश्रा, आर. आशीष त्रिपाठी, आर. अखिल सिह, आर. अशोक सिह, आर. मनोज एव सायबर टीम रीवा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833